News Dhamaka
Digital Edition

# न्यूज धमाका

पाइए खबरों की अपडेट सबसे पहले



वर्ष 02 ● अंक 249 ● पृष्ठ 8 ● जमशेदपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025 | Email.newsdhamaka4@gmail.com / epaper for news portel -newsdhamaka.com

## एक नजर

### बलूचिस्तान में विस्फोट से ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतरे, चार लोग घायल

**पेशावर/भाषा।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले में रविवार को पटरी पर लगे विस्फोटक के चलते जाफर एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतर गए और चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रेन पेशावर की ओर जा रही थी। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाकर किए गए कई हमलों की सिलसिले में ही यह विस्फोट हुआ है। पाकिस्तान रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि क्वेटा से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्पेजेंड रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन में विस्फोट हुआ।


### नेपाल 97 सुदूर चोटियों पर चढ़ाई के लिए नहीं लेगा कोई शुल्क

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने सुदूर पश्चिमी क्षेत्र की लगभग 100 चोटियों पर चढ़ाई के लिए शुल्क नहीं लेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हिमालयी राष्ट्र ऐसे क्षेत्रों में पर्वतारोहियों को आकर्षित करना चाहता है, जहां सैलानी कम जाते हैं। इसके मद्देनजर सरकार ने अगले दो वर्षों के लिए करनाली और सुदूरपश्चिम प्रांतों की 97 चोटियों के लिए रॉयल्टी (शुल्क) माफ कर दी है। इन चोटियों की ऊंचाई 5,870 मीटर से लेकर 7,132 मीटर तक की है और सरकार के कदम से सीमित आर्थिक गतिविधि वाले क्षेत्रों में पर्यटकों को आकर्षित होने की उम्मीद है।

### सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका ने इजराइल का बचाव किया

**संयुक्त राष्ट्र/एपी।** अमेरिका ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि देश को यह निर्णय लेने का अधिकार है कि उसकी सुरक्षा के लिए क्या सर्वोत्तम है। इसने गाजा में नरसंहार के आरोपों को झूठा बताया। अमेरिका के पास परिषद में वीटो शक्ति है और वह वहां प्रस्तावित कार्यवाही को रोक सकता है। अन्य परिषद सदस्यों और संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की। चीन ने गाजा में लोगों को दी जाने वाली सामूहिक सजा को अस्वीकार्य बताया। रूस ने शत्रुता में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ चेतावनी दी। संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्यालय के रमेश राजसिंघम ने कहा, यह अब भुखमरी का संकट नहीं है; यह भुखमरी है। मानवीय स्थितियां बेहद भयावह हैं। सच कहूं तो इसे बयां करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं बचे हैं।

### काउंसिल ने किया ऐलान: दलाई लामा को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय शांति पुरस्कार



**धर्मशाला।** इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जूरिस्ट्स ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शांति पुरस्कार के लिए जिन तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात हस्तियों का चयन किया है, उसमें तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु 14वें दलाई लामा तेंजिन ग्यात्सो का नाम भी शामिल है। यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय परमाणु निरस्त्रीकरण और शांतिपूर्ण विश्व के लिए मार्च के आयोजन से पहले की गई। दलाई लामा को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं, जिनमें सबसे प्रमुख 1989 का नोबेल शांति पुरस्कार है। इसके अतिरिक्त, उन्हें 2006 में अमेरिकी कांग्रेसनल गोल्ड मेडल, 2012 में टेम्पलटन पुरस्कार, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार और 2025 में गोल्डन मर्करी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा दलाई लामा को कई मानद डॉक्टरेट उपाधियां और अन्य पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जूरिस्ट्स ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शांति पुरस्कार के लिए जिन तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात हस्तियों का चयन किया है, उसमें तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु 14वें दलाई लामा तेंजिन ग्यात्सो का नाम भी शामिल है। यह जानकारी तिब्बतियन वेबसाइट तिब्बत डॉट नेट पर साझा की गई है।

# भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था : मोदी





■ प्रधानमंत्री ने बेंगलूरु मेट्रो चरण-3 परियोजना की आधारशिला रखने और तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने तथा मेट्रो रेल 'येलो लाइन' का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में विभिन्न क्षेत्रों में विकास को रेखांकित किया।

**बेंगलूरु/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और यह गति ''सुधार, प्रदर्शन एवं परिवर्तन'' की भावना से हासिल की गई है।

मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर शीर्ष पांच में पहुंच गई है और तेजी से शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर निशाना साधे जाने के कुछ दिन बाद आई है।

यहां बेंगलूरु मेट्रो चरण-3 परियोजना की आधारशिला रखने और तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने तथा मेट्रो रेल 'येलो लाइन' का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विभिन्न क्षेत्रों में विकास को रेखांकित किया और कहा कि ऐसी उपलब्धियों ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत किया है। उन्होंने कहा, हम दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमें यह गति कैसे मिली? हमें यह सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की भावना से मिली है।

बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में मेट्रो रेल सेवाएं सिर्फ पांच शहरों तक ही सीमित थीं। उन्होंने कहा कि आज, मेट्रो रेल नेटवर्क 24 शहरों में 1,000 किलोमीटर से अधिक तक फैला हुआ है, जिससे भारत विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है।

मोदी ने कहा कि आजादी के बाद से, 2014 तक सिर्फ 20,000 किलोमीटर रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण हुआ था। उन्होंने कहा कि 2014 से 2025 तक, केवल 11 वर्षों में यह बढ़कर 40,000 किलोमीटर हो गया है। इसी तरह, 2014 में देश में 74 हवाई अड्डे थे, जो आज 160 से ज्यादा हैं तथा राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या भी केवल तीन से बढ़कर 30 हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा, 2014 तक, देश में सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और 387 मेडिकल कॉलेज थे। अब एम्स की संख्या बढ़कर 22 और मेडिकल कॉलेज 704 हो गए हैं, जो लोगों की सेवा कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, देश भर के मेडिकल कॉलेजों में एक लाख से ज्यादा नई सीटें जोड़ी गई हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे भारतीय प्रौद्योगिकी का हाथ

**बेंगलूरु/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे भारतीय प्रौद्योगिकी और 'मेक इन इंडिया' का हाथ था, जिसने कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया ने पहली बार 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत का नया चेहरा देखा, जब उसने पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने मेट्रो फेज-3 परियोजना के शिलान्यास समारोह में कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पहली बार भारत का नया चेहरा देखा, जहां भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नष्ट करने और कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर करने की क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे हमारी तकनीक और 'मेक इन इंडिया' की ताकत है।

### ऑपरेशन सिंदूर में बेंगलूरु की अहम भूमिका

मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में बेंगलूरु और उसके युवाओं की अहम भूमिका थी।

बेंगलूरु की पहचान दुनिया के बड़े शहरों में होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को न केवल वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी है, बल्कि नेतृत्व भी करना है। उन्होंने कहा, हम तभी प्रगति करेंगे जब हमारे शहर स्मार्ट, तेज और कुशल होंगे। इस संदर्भ में मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का जोर आधुनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 21वीं सदी में शहरी नियोजन और शहरी बुनियादी ढांचे की बहुत आवश्यकता है और हमें बेंगलूरु जैसे शहरों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा।

# कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी को नोटिस जारी किया

■ महिला के दो बार वोट देने के दावे के समर्थन वाले दस्तावेज साझा करें : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली/भाषा।** कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी कर उनसे वे दस्तावेज साझा करने को कहा, जिनके आधार पर उन्होंने आरोप लगाया था कि एक महिला ने दो बार मतदान किया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता को नोटिस जारी किए जाने के तुरंत बाद, निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर उनसे कहा कि या तो वे कर्नाटक, हरियाणा और महाराष्ट्र में 'वोट चोरी' के अपने आरोपों को साबित करने के लिए एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर ''बेतुके'' आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें।

राज्य के शीर्ष चुनाव अधिकारी ने गांधी से कहा कि वे दस्तावेज उनके कार्यालय को विस्तृत जांच करने में मदद करेंगे। गांधी ने पिछले सप्ताह संवाददाता सम्मेलन में ये दस्तावेज दिखाए थे।

नोटिस में कहा गया, आपने (राहुल गांधी) यह भी कहा है कि मतदान अधिकारी द्वारा दिए गए रिकॉर्ड के अनुसार, श्रीमती शकुन रानी ने दो बार मतदान किया था... पूछताछ करने पर, श्रीमती शकुन रानी ने बताया है कि उन्होंने केवल एक बार मतदान किया है, दो बार नहीं, जैसा कि आपने आरोप लगाया है। नोटिस में कहा गया है कि सीईओ कार्यालय द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि कांग्रेस नेता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज मतदान अधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया था। इसमें कहा गया है, अतः आपसे अनुरोध है कि वे प्रासंगिक दस्तावेज उपलब्ध कराएं जिनके आधार पर आपने यह निष्कर्ष निकाला है कि श्रीमती शकुन रानी या किसी अन्य ने दो बार मतदान किया है, ताकि इस कार्यालय द्वारा विस्तृत जांच की जा सके।

## 26 को नौसेना में शामिल होंगे 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' जंगी जहाज

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय नौसेना के 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' जंगी जहाजों का 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ जलावतरण किया जाएगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' प्रोजेक्ट-17ए के तहत भारतीय नौसेना के लिए निर्मित किए जा रहे उन्नत जंगी जहाजों की एक श्रृंखला का हिस्सा हैं। प्रोजेक्ट-17ए (नीलगिरि श्रेणी) के तहत निर्मित पहले जहाज 'नीलगिरि' को जनवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित कार्यक्रम में नौसेना के सुपुर्द किया गया था। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित दूसरा युद्धपोत उदयगिरि एक जुलाई को नौसेना को सौंप दिया गया था। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय नौसेना 26 अगस्त को अग्रिम पंक्ति के दो युद्धपोतों-'उदयगिरि' (एफ35) और 'हिमगिरि' (एफ34) को एक साथ नौसेना में शामिल करने की तैयारी कर रही है।

### सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा

# 'ऑपरेशन सिंदूर' तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल का प्रमाण



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल का प्रमाण है और उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार सुधार, समन्वय एवं अनुकूलनशीलता जारी रखने की जरूरत है।

सिकंदराबाद में रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय में अपने संबोधन में जनरल चौहान ने बिना विस्तार से बताए संयुक्त क्षमता बढ़ाने के लिए थिएटर कमान के वास्ते एक रोडमैप के बारे में भी बात की।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि संयुक्त आपूर्ति श्रृंखला और एकीकरण को मजबूत करने के वास्ते जारी प्रयासों के तहत सीडीएस ने एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला के लिए संयुक्त पुस्तिका जारी की।

जनरल चौहान ने अपने संबोधन में प्रौद्योगिकी-संचालित आधुनिक युद्ध क्षेत्र में बदलावों से निपटने के लिए सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सशस्त्र बलों में तालमेल और एकीकरण पर रणनीतिक दृष्टिकोण साझा किया तथा एकीकृत संचालन के भविष्य के रोडमैप को आकार देने के लिए प्रमुख बिंदुओं को भी रेखांकित किया।

'थियेटराइजेशन मॉडल' के तहत सरकार सेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को एकीकृत करना तथा युद्ध एवं अभियानों के लिए उनके संसाधनों का इष्टतम इस्तेमाल करना चाहती है। 'थिएटरीकरण योजना' के तहत प्रत्येक थिएटर कमान में सेना, नौसेना और वायु सेना की इकाइयां होंगी और ये सभी एक निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए संयुक्त इकाई के रूप में काम करेंगी।

मौजूदा समय में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग कमान हैं।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जनरल चौहान ने प्रौद्योगिकी-संचालित आधुनिक युद्ध में हो रहे विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए व्यापक क्षमता विकास, आत्मनिर्भरता और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहन समझ हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। मंत्रालय के मुताबिक, सीडीएस ने सैन्य मामलों के विभाग की उपलब्धियों, निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा समितियों की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक पुनर्गठन सहित सुधारों के कार्यान्वयन एवं संयुक्त क्षमता बढ़ाने के लिए थिएटर कमान के रोडमैप पर प्रकाश डाला।

# सी जीपीसी ने शिबू सोरेन के नेमरा गांव जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर शोक व्यक्त किया

**जमशेदपुर।**

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के बीस सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल झारखंड जनक शिबू सोरेन के नेमार गांव में जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर शोक व्यक्त किया एवं उनकी तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर नमन किया इस मौके पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरु चरण किसकू साथ में गए हुए थे इस मौके पर भारी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने एवं मुख्यमंत्री से मिलने के लिए पहुंचे हुए थे सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर शिबू सोरेन की स्मृति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन करने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने मान लिया जमशेदपुर से सिख समुदाय से जाने वाले सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह वरीय उपाध्यक्ष चंचल सिंह महासचिव अमरजीत सिंह गुरु चरण सिंह बिल्ला सलाहकार हरविंदर सिंह मंटू परविंदर सिंह सोहल सुखविंदर सिंह राजू अजीत गंभीर सुखदेव सिंह बिट्टू सरबजीत सिंह ग्रेवाल रघुवीर सिंह जसवंत सिंह जसु सुखवंत सिंह सुक्कू रविंद्र सिंह जगजीत सिंह गुरु दीपक रणजीत सिंह आदि कई लोग शामिल थे






## सोमवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से मिलेंगे सरयू राय, बैठक में दी चेतावनी

# दुर्गा पूजा तक मानगो में पेयजलापूर्ति ठीक करें वरना प्रदर्शन

- नगर निगम सुधारे अपनी कार्यप्रणाली
- स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं हो रही
- कचरा निष्पादन सही तरीके से नहीं हो रहा



**जमशेदपुर।**

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मानगो में पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए पीएचईडी को दो माह का वक्त दिया है। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर दुर्गा पूजा तक पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जबरदस्त प्रदर्शन किया जाएगा। वह रविवार को डिमना रोड, मानगो में जनता दल (यूनाइटेड) की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

सरयू राय ने कहा कि पूरे विधानसभा की विभिन्न समस्याओं को लेकर वह सोमवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पारडीह का तालाब एक चौथाई से ज्यादा भरा जा चुका है। लोगों की शिकायत के बाद वहां का काम रोका गया है। उन्होंने कहा कि मानगो में पानी की समस्या को लेकर कई शिकायतें आई हैं। पीएचईडी का कहना है कि बालू एवं कचरा भर जाने के कारण पानी की आपूर्ति में दिक्कत हो रही है। इस विभाग के लोग (पीएचईडी) काम करने में सुस्ती बरत रहे हैं। पानी सभी लोग तक पहुंच सके, इसके लिए दो माह का वक्त दिया जा रहा है। दुर्गा पूजा तक इस समस्या का नहीं हुआ तो जबरदस्त धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। श्री राय ने कहा कि कचरा निष्पादन के लिए नगर निगम स्थान का चयन नहीं कर पा रहा है। यही वजह है कि नगर निगम कचरे का उठाव सही तरीके से नहीं कर पा रहा है। स्ट्रीट लाइट खराब पड़े हैं। उनकी मरम्मत नहीं हो रही है। ऐसी कई समस्याएं हैं। नगर निगम अपनी कार्य प्रणाली सुधारे। हफ्ते भर की मोहलत हम लोग नगर निगम को दे रहे हैं। वह समस्याओं का समाधान करे अन्यथा नगर निगम का घेराव किया जाएगा।

बैठक में जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, अजय कुमार, कुलविंदर सिंह पन्नू, नीरज सिंह, पप्पू सिंह, मस्तान सिंह, संतोष भगत, प्रवीण सिंह, दीपू सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

न्यूज धमाका
पाइए खबरों की अपडेट सबसे पहले

# स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तुलसी भवन में देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता सम्पन्न







**न्यूज धमाका।**

जमशेदपुर। प्रत्येक वर्ष की भाँति सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मुख्य सभागार में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्षय में दो दिवसीय विद्यालयी छात्र - छात्राओं के लिये देशभक्ति समूह गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता के अन्तर्गत देशभक्ति गीतों पर आधारित समुह नृत्य प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । नृत्य प्रतियोगिता में नगर के 27 विद्यालयों से कुल 216 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । सभी प्रस्तुतियाँ उच्च स्तरीय रही । कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ॰ संतोष गुप्ता एवं क्रिटिकल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ॰ सुनिल केडिया के संग संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी , उपाध्यक्ष रामनन्दन प्रसाद महासचिव डॉ॰ प्रसेनजित तिवारी कोषाध्यक्ष विमल कुमार जालान, कार्यकारिणी के प्रसन्न वदन मेहता द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ॰ शायन्तनी बनर्जी, जया मुखर्जी एवं रुबीता बनर्जी शामिल रहीं । कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ॰ रागिनी भूषण, डॉ॰ यमुना तिवारी व्यथित, डॉ० अजय कुमार ओझा, अशोक पाठक स्नेही, अरुणा भूषण शास्त्री, माधवी उपाध्याय, डॉ॰ वीणा पाण्डेय भारती, दिव्येन्दु त्रिपाठी, अजय कुमार प्रजापति, सुरेश चन्द्र झा, कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी', बलविंदर सिंह, नीलिमा पाण्डेय , पूनम सहाय, नीलाम्बर चौधरी, नीता सागर चौधरी, वरुण कुमार, ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र, मनीष सिंह वंदन, डॉ॰ अरुण कुमार शर्मा, राजेन्द्र साह राज, रीना सिन्हा, पूनम महानंद, शैलेन्द्र पाण्डेय शैल,वीणा कुमारी नंदिनी, कवलेश्वर पाण्डेय, सुजय कुमार, निशांत सिंह, राकेश पाण्डेय, भंजदेव देवेन्द्र कुमार व्यथित, जितेश तिवारी, सुजय कुमार, नीलम पेडीवाल, पूनम सिंह प्रमुख रहे । मौके पर बडी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही । प्रतियोगिता के आरंभ में प्रतिभागी विद्यालयों के नृत्य शिक्षक - शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

## ऐलान के बाद दुरुस्त हुई साफ-सफाई, कार्यकर्ताओं के फीडबैक के बाद बड़ा फैसला

# 11 अगस्त को जेएनएसी पर होने वाला प्रदर्शन फिलहाल स्थगित

- उप नगर आयुक्त ने की जद(यू) जिलाध्यक्ष से फोन पर वार्ता
- दो दिनों बाद शहर आएंगे डीएमसी, प्रतिनिधिमंडल से बात करेंगे



**न्यूज धमाका।**

**जमशेदपुर।** एनडीए के बैनर तले 11 अगस्त, सोमवार को जेएनएसी कार्यालय पर कूड़ा संग प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के फीडबैक के मद्देनजर यह फैसला यहां बिष्टुपुर में संपन्न बैठक में लिया गया। फीडबैक में कदमा और सोनारी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जब से प्रदर्शन की घोषणा की गई, उसके बाद से ही जेएनएसी के पदाधिकारी साफ-सफाई के कार्य में जुट गये थे और पहले की अपेक्षा ज्यादा व्यवस्थित तरीके से साफ-सफाई के काम में लगे रहे। बैठक में यह तय हुआ कि जेएनएसी के साफ-सफाई की निगरानी सोनारी एवं कदमा के कार्यकर्ता क्षेत्रवार करते रहेंगे। यदि फिर इसमें कोताही बरती गई तो पुनः कार्रवाई हेतु पहल की जाएगी।

बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि समस्याओं का समाधान त्वरित गति से होता रहे तो प्रदर्शन करने की नौबत ही न आए। इसलिए फिलहाल इसे स्थगित किया गया है।

जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने यहां जारी बयान में कहा कि रविवार की सुबह जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने उनसे फोन पर बातचीत की और आश्वस्त किया कि यह साफ- सफाई नियमित और व्यवस्थित तरीके से चलेगी। अभी वह बाहर हैं। दो दिनों के बाद जमशेदपुर आएंगे। उसके बाद आप सभी के साथ बैठ कर साफ-सफाई की व्यवस्था को और कैसे सुचारू बनाया जाए, इस पर गहन विमर्श करेंगे।

सुबोध श्रीवास्तव ने उप नगर आयुक्त से कहा कि आप अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों और सुपरवाइजरों-ठेकेदारों को निर्देशित करें कि वे सभी समस्याग्रस्त क्षेत्रों में जाएं और विशेष रूप से युद्धस्तर पर कार्य करें। ब्लीचिंग पावडर एवं एंटी लार्वा का छिड़काव तो करें ही, प्रत्येक मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग भी करते रहें। उप नगर आयुक्त ने इस पर सहमति जताई। बैठक में सुबोध श्रीवास्तव, मुकुल मिश्रा, नीरज सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, भीम सिंह, चुन्नू भूमिज, तारक मुखर्जी, राकेश सिंह एवं शेषनाथ पाठक उपस्थित थे।

# उपायुक्त के पहल पर प्रोजेक्ट 'उल्लास' के तहत मिर्गी मरीजों की जांच हेतु घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में 11-12 अगस्त को लगेगा दो दिवसीय कैम्प

- जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा लगाया जा रहा शिविर, एम्स दिल्ली के सहयोग से चिकित्सकों एवं कर्मियों को दिया जाएगा

**न्यूज धमाका।**

मिर्गी रोग से पीड़ित व्यक्तियों की समय रहते पहचान, समुचित उपचार तथा पुनर्वास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की पहल पर प्रोजेक्ट 'उल्लास'के तहत घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में दिनांक 11 एवं 12 अगस्त 2025 को दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी सिंहभूम द्वारा किया जा रहा है। वहीं, एम्स, नई दिल्ली के सहयोग से चिकित्सा पदाधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ), सहिया एवं एएनएम को मिर्गी रोग प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण भी आगे प्रस्तावित है ।

सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने बताया कि शिविर के माध्यम से मिर्गी रोग के बारे में जन-जन तक जागरूकता फैलाना एवं उससे जुड़े मिथकों को दूर करना है। मिर्गी रोग की शीघ्र पहचान व निदान को प्रोत्साहित करना, रोगियों को सुलभ और नियमित उपचार उपलब्ध कराना, मिर्गी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों व कलंक को कम करना, उपचार की निरंतरता सुनिश्चित कर रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है।

- **शिविर में निम्न सेवाएं उपलब्ध रहेंगी**

मिर्गी रोग की जांच एवं पहचान, आवश्यक औषधियों की उपलब्धता, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श व उपचार, बच्चों और वयस्कों के लिए परामर्श एवं मानसिक सहयोग, मरीजों एवं समुदाय आधारित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सपोर्ट ग्रूप का गठन

इस शिविर के माध्यम से जनमानस में जागरूकता में वृद्धि व सामाजिक कुरीतियों में कमी, मिर्गी रोग की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार, उपचार की निरंतरता में सुधार, मिर्गी रोग से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन स्तर में स्पष्ट सुधार लाने का प्रयास होगा ।

शिविर के सफल आयोजन हेतु सिविल सर्जन द्वारा डीआरसीएचओ डॉ. रंजीत पांडा को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। साथ ही, दो मनोचिकित्सक, एक शिशु रोग विशेषज्ञ तथा दो चिकित्सा पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है, जो शिविर के दौरान अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रयास से मिर्गी रोग से प्रभावित व्यक्तियों को बेहतर उपचार, सहयोग एवं सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# एम डी ए/ आई डी ए कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**न्यूज धमाका।**

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ईचागढ़ में एमडीए, आइडीए कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी, उप मुखिया दिनेश मंडल ,प्रभारी चिकिसा पदाधिकारी डॉ हरेंद्र सिंह मुंडा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रभारी ने इस कार्यक्रम के बारे में बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा ही एक मात्र विकल्प है,तथा सभी से दवा के सेवन के लिए अपील की,वही जिला परिषद सदस्य ने भी बताया कि अपना स्वास्थ्य की जिम्मेदारी स्वयं हमे ही लेनी होगी,दवा लेने का मतलब है,अपने स्वास्थ्य का बीमा करना। सभा को डॉ रवि,डॉ अनुपम घोषाल ने संबोधित किया। साथ ही मौके पर ही सभी को फाइलेरिया रोधी खुराक दी गई । कार्यक्रम का संचालन प्रखंड लेखा प्रबंधक रौशन कुमार झा ने किया।इस अवसर पर सभी कार्यालय कर्मी, पदाधिकारी,सहिया, सेविका तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने वोट की चोरी विषय पर प्रोजेक्टर द्वारा पर्दा पर राहुल गाँधी के प्रजेंटेशन को देखा गया : आनन्द बिहारी दुबे

**न्यूज धमाका।**

**जमशेदपुर ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आ''ान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा ₹वोट की चोरी₹ विषय पर प्रोजेक्टर द्वारा पर्दा पर कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के प्रजेंटेशन को देखा गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक एक पदाधिकारी सजग हो कर पुरा प्रजेंटेशन को ध्यानपूर्वक देखने का कार्य करें। इस प्रजेंटेशन से बहुत कुछ देखने समझने का अवसर प्राप्त होगा। सभी प्रखण्ड अध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्षगण अपने अपने क्षेत्र में आम जनता के बीच वोट की चोरी और अव्यवस्था का चर्चा करें। जिससे मतदान के सभी विसंगतियों को दूर करने में जन आंदोलन खड़ा की जा सके। फर्जी लोगों का नाम अनेकों बुथों में जोड़ा गया है, एक एक घर संख्या में 80 लोगों का नाम जोड़ा गया है। यही तो वोट चोरी है। कई घटना में मतदाता के पता भी नही है, पिता का नाम में हेराफेरी है। पाँच माह में लाखों करोडों वोटर को गलत मंशा से जोड़ दिया गया है, यही तो वोट की चोरी है। एक मतदाता दो या चार बुथों में नाम दर्ज करा कर फर्जी मतदान भी कर रहें है। यह गडबड़ी कर्णाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में दिख रहा है। अब हमें हर बुथों का निरीक्षण



करना होगा।

निर्वाचन आयोग मतदान के दिन सीसीटीवी लगाकर मतदान कराया, अब उस फुटेज को निर्वाचन आयोग कांग्रेस पार्टी को सौंपे।

फर्जी वोट करने एवं अनेको बुथों में नाम दर्ज करने वालों एवं षड्यंत्र करने वालों को जेल में डालने का काम कोर्ट सुनिश्चित करे। इसके साथ साथ वोट चोरी के दम पर बने सरकार को भी बर्खास्त करे।

प्रजेंटेशन प्रबंधन कार्य को अनुपम सिन्हा, संजय सिंह आजाद, ब्रजेन्द्र कुमार तिवारी ने सम्पादित किया।

प्रजेंटेशन देखने हेतू वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, समरेन्द्र नाथ तिवारी, जमशेदपुर ग्रामीण प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष अली रजा खान, राजू गद्दी, नारायण डे, मुन्ना मिश्र, दीपक यादव, अभिषेक मोहंती, विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र कुमार तिवारी, अरूण कुमार सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, मो शब्बीर, जिला महामंत्री गुरदीप सिंह, बिरेंद्र पाण्डेय, हरिहर प्रसाद, शमशेर आलम, राजकिशोर प्रसाद, अमर कुमार मिश्र, अशोक सिंह क्रांतिकारी, अंसार खान, अजय मंडल, महिला अध्यक्ष नलिनी, संजय यादव, विनोद कुमार सिंह प्रवीण महानंद प्रवक्ता राजीव मिश्र, जिला सचिव इंदुभुषण यादव, अरूण बारीक, सुशील घोष, मनोज कान्त, एनएसयुआई अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह, सुनीता ओझा, मुन्ना सिंह, कामेश्वर सिंह, अजय यादव, शैलेंद्र कुमार, मोहम्मद हफीज, अनूप पंडित, राजेश दुबे पप्पू, प्रेम टुडू, अनुज कुमार, मोहम्मद अशरफ, सोनू कुमार, अखिलेश कुमार, रामदास मेहता, बबलू पांडे, अनुज शर्मा, अनमोल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## एक नज़र

# जदयू उलीडीह थाना समिति के तत्वावधान में राम कृष्ण कॉलोनी में चलाया गया संपर्क समस्या समाधान अभियान

**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) उलीडीह थाना समिति ने अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में रामकृष्ण कॉलोनी में संपर्क समस्या समाधान अभियान चलाया। जद(यू) नेताओं ने इलाके में



भ्रमण कर वहां के विभिन्न गलीझ मोहल्ले में व्याप्त जनसमस्याओं की जानकारी ली, वहां के स्थानीय निवासियों से संवाद किया तो लोगों ने बताया कि इलाके में पेयजल आपूर्ति की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है दिन में महज एक बार विभाग द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है जिसमें भी बमुश्किल 10 से 15 मिनट ही लोगों को पानी मिल रहा है. इसके अलावे कचड़ा प्रबंधन, साफ-सफाई, नाला सफाई, खराब स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़क सहित अन्य समस्याओं की भी शिकायत स्थानीय लोगों ने जद(यू) नेताओं से की।

» जदयू नेताओं ने राम कृष्ण कॉलोनी वासियों को आश्वस्त किया कि संबंधित अधिकारियों से मिलकर वार्ता की जाएगी और सभी समस्याओं के जल्द से जल्द निष्पादन के लिए में यथासंभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से जद(यू) के जिला सचिव विकास साहनी, जिला प्रवक्ता आकाश शाह, थाना समिति के महामंत्री मनोज गुप्ता, अभिजीत सेनापति, परविंदर राम, योगेंद्र साहू, नीरज सिंह, संजय सिंह, सागर दत्ता, विजय बर्मन, मनोज राय आदि उपस्थित थे।

# युवा कांग्रेस ने डॉक्टर अजय कुमार के जन्मदिन पर भुइयांडीह कोदाभट्टा मैं केक काटकर लड्डू वितरण कर धूमधाम से मनाया

**जमशेदपुर।** रविवार को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश साहू के नेतृत्व में जननायक जन जन के लोकप्रिय नेता डॉ अजय कुमार का जन्म उत्सव भुइयांडीह कोंदाभट्ट मैं धूमधाम से मनाया जिसमें



11 पॉइंट का केक काट कर लड्डू वितरण एवं चॉकलेट वितरण कर आतिशबाजी फटाका ढोल नगाड़ा के साथ धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर राकेश साहू ने कहा क्षेत्र के लिये डॉकटर अजय कुमार बहुत कुछ किया है आगे भी करेंगे आम लोगों ने एक स्वर में कहा जमशेदपुर का अगला सांसद डॉ अजय कुमार होगा। सभी लोगों ने डॉक्टर साहब को आशीर्वाद दीया पूर्व में किए हुए कार्यों को उन लोगों ने बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस के नेता राजेश कुमार झा दिलीप जायसवाल सीतारामडेरा थाना क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद यादव युवा कांग्रेस के जिला प्रत्याशी नीरज कुमार जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा प्रत्याशी सागर साहू युवा कांग्रेस के जिला महासचिव कमलेश साव कामगार कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी साहू समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजू साव संतोष सिंह किशन सिंह विशाल साव रोहित साव हर्ष गुप्ता के अलावा क्षेत्र के महिलाएं पुरुष क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद है।

# मानगो में बन रहे फ्लाई ओवर का नाम अमर शहीद खुदीराम बोस ऊपरी पुल रखा जाए - विकास सिंह

**जमशेदपुर ।** अमर शहीद खुदीराम बोस की शहादत दिवस प्रत्येक वर्ष 11 अगस्त को देश के विभिन्न क्षेत्रों में मनाई जाती है इसी दिन मात्र 19 वर्ष की आयु में देश के लिए सबसे कम उम्र में अपने प्राण की आहुती देने वाले स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद खुदीराम बोस रहे हैं । भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने झारखंड सरकार से मांग किया है की मानगों में बन रहे फ्लाई ओवर यानी उपरी पुल का नामांकरण अमर शहीद खुदीराम बोस उपरी पुल रखा जाए । विकास सिंह ने राज्य सरकार को लिखे पत्र में ध्यान आकर्षण कराते हुए बताया की




जब से झारखंड राज्य बिहार से अलग हुआ तभी से मानगो गोल चक्कर में अमर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा राज्य सरकार के द्वारा स्थापित की गई है विगत 25 वर्षों में जब भी डिमना रोड की चौड़ीकरण अथवा सुंदरीकरण का कार्य किया जाता रहा है तब तब अमर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा वहां से हटाकर बंगभासी समाज के लोगों को रखने के लिए मानगो नगर निगम के द्वारा दे दिया जाता है विकास सिंह ने कहा मानगों में बन रहे फ्लाई ओवर ( ऊपरी पुल ) का निर्माण कार्य ठीक अमर शहीद खुदीराम बोस के प्रतिमा स्थल के ठीक ऊपर से हो रहा है इसलिए विकास सिंह ने राज्य सरकार से मांग किया कि नव निर्माणाधीन फ्लाई ओवर (ऊपरी पुल) का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखा जाए।

# बागबेड़ा में शिबू सोरेन का श्रद्धांजलि सभा संपन्न, शिबू सोरेन का प्रतिमा स्थापित करने, वॉयरलेश मैदान का नाम शिबु सोरेन का नाम से करने का प्रस्ताव पारित

**जमशेदपुर ।** बागबेड़ा झामुमो समिति के तत्वाधान मे बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित डॉक्टर श्री कृष्ण मेमोरियल संस्थान सभागृह में शिबू सोरेन का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन संपन्न हुआ। सर्वप्रथम दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति हेतु



प्रार्थना की गई। तत्पश्चात बारी-बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने बागबेड़ा क्षेत्र में शिबू सोरेन की प्रतिमा स्थापित करने, वायरलेश मैदान में शिबू सोरेन के नाम से पौधारोपण करने एवं वॉयरलैस मैदान का नाम शिबू सोरेन के नाम से करने का प्रस्ताव दिया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इसमे मुख रूप से जमशेदपुर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू, बागबेड़ा पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंहा, उप मुखिया संतोष ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, भोला झा, अनिल सिंह, इंद्रजीत सिंह, मनोज कुमार उर्फ़ मन्नू, पवन ओझा, अवध साह, राजकुमार सिंह, अरविंद पांडे, कुमुद रंजन सिंह, केडी मुंडा, रेंगो पूर्ती एवं अन्य उपस्थित थे।

# हाई ब्लड प्रेशर में नमक का सेवन हानिकारक : मनोज मिश्रा

**जमशेदपुर ।** उच्च रक्तचाप मे नमक का सेवन हानिकारक हो सकता है` नमक मे मौजूद सोडियम उच्च रक्तचाप को बढ़ा सकता है` उक्त बातें रोटी बैंक के चेयरमेन मनोज मिश्रा ने बुजुर्गो के हित मे काम करने वाली सामाजिक संस्था जीवन ज्योति




द्वारा मानगो संकोसाई 5 नंबर रोड मे आयोजित साप्ताहिक स्वास्थ्य जाँच शिविर मे बतौर मुख्य अतिथि कहा` स्वास्थ्य जाँच शिविर मे हर रविवार को सुबह 6 बजे से बुजुर्गो के लिए मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की निःशुल्क जाँच की जाती है` जाँच करने वाली टीम ने रिपोर्ट के बारे मे बताया कि बुजुर्गो के जाँच रिपोर्ट मे उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के अनेक मामले पहली बार सामने आ रहें है` जिन्हे तत्काल डाक्टर से मिलने की सलाह दी जा रही है` मनोज मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय मे मधुमेह एवं रक्तचाप हर घर की बीमारी बन चुकी है` इसके प्रति जागरूक रहना ही इसका बचाव है` मनोज मिश्रा ने बुजुर्गो को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनका स्वस्थ्य रहना ही हर परिवार की हार्दिक इच्छा होती है` इसीलिए उन्हें सादा भोजन एवं फल, सब्जियाँ खाने चाहिए तथा नियमित टहलने का अभ्यास करना चाहिए` इसी मे उनकी तंदुरस्ती का राज़ छिपा है` आज के स्वास्थ्य जाँच शिविर मे सैकड़ों बुजुर्गो ने निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का लाभ उठाया` कार्यक्रम मे जीवन ज्योति की ओर से। शुभश्री दत्ता, विष्णु लाल, जिष्णु महतो, आर एस मिश्रा, बी के दास, एल बी प्रसाद, जीतेन्द्र राय सहित का×फी संख्या मे सदस्य उपस्थित थे`

# टेल्को नीलड़ीह पार्क में सात दिवसीय पतंजलि योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, मनाया गया पपीता महोत्सव




जमशेदपुर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में टेल्को नीलडीह पार्क में सात दिवसीय पतंजलि योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पपीता महोत्सव के साथ हुआ। शिविर का उद्घाटन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सुप्रसिद्ध वैद्य डॉ. मनीष डूड़िया,पतंजलि कोल्हान प्रभारी अजय कुमार झा, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार, पतंजलि महासचिव मनोज श्रीवास्तव, पतंजलि योग समिति के सह जिला प्रभारी शालिग्राम मिस्त्री, योग शिक्षक सह कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में योग प्राणायाम के साथ-साथ आयुर्वेद में पपीता के पौधे का महत्व को समझाया गया एवं पके हुए पपीते का सेवन कराया गया। सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर मनीष डूड़िया ने कहा कि पपीता का फल, पत्ती और बीज आयुर्वेद के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। पपीता के पत्तियों का उपयोग डेंगू रोग में प्लेटलेट्स को बढ़ाने में किया जाता है, पके हुए फल में फाइबर की मात्रा अधिक होने से कब्ज की बीमारी में फायदेमंद है, वहीं इसके बीजों का प्रयोग बच्चों के पेट में पैदा हुए कृमि को मारने में होता है। शिविर के सफल आयोजन में आशुतोष कुमार झा, अमित कुमार, देवेंद्र सिंह रंजीत कुमार सिंह, भगवान सिंह, राम जन्म प्रसाद कृष्णा राय, के साथ-साथ नीलडीह पार्क नियमित योग कक्षा के सभी योग साधकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।पतंजलि योग परिवार द्वारा 79 वाँ स्वाधीनता दिवस टेल्को नीलडीह पार्क में ही मनाया जाएगा जहां से सरदार भगत सिंह चौक जेम्को तक योग जागृति रैली निकाली जाएगी।

## एक नजर

### देश के जवानों के कलाई में बहनों ने बांधी राखी





**आदित्यपुर।** शनिवार को एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड की बहनों ने सीआरपीएफ कैंप 157 बटालियन में विभिन्न पोस्टों पर तैनात हमारे देश के वीर जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। बहनों ने उन्हें मिठाई खिलाकर और आरती उतारकर लंबी उम्र का आशीर्वाद दिया। भाइयों ने देश की रक्षा के साथ-साथ अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड के शशि आचार्य, सीआरपीएफ बटालियन 157 के वरीय अधिकारी सूर्यकांत सिंह, एसएम योगेश कुमार तिवारी समेत बड़ी संख्या में कैंप के जवान, सरायकेला अध्यक्ष सुजाता सिंह, संध्या सिंह, रविंदर कौर संगीता सिंह, सुषमा सिंह, पुष्पा सिंह, रेखा सिन्हा शर्मिला सिंह मौजूद थीं।

### टाटीझरिया आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की खुराक

**टाटीझरिया ।** आंगनबाड़ी केंद्र टाटीझरिया में बच्चों के बीच रविवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कृमि नाशक दवा खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बीटीटी वीणा प्रसाद, आंगनबाड़ी सेविका चंद्रकांता, स्वास्थ्य सहिया रीता देवी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाकर की। कहा कि क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को एल्बेंडाजोल की यह दवा खिलाई जाएगी। विभाग की ओर से शत प्रतिशत बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वस्थ्य बच्चों के शरीर में मौजूद कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन कराया जाता है। दवा से कोई साइड-इफेक्ट नहीं होता है। मौके पर झरपो मुखिया शिबू सोनी, राजू यादव, अशोक यादव, दीपचंद यादव, गोपाल सिन्हा, गंगाधर मिश्रा, बजरंग सिंह, भुनेश्वर प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

### झरपो मुखिया ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी से भेंट कर स्वागत किया



**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू सोनी ने रविवार को टाटीझरिया थाने में नव पदास्थापित थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार से औपचारिक डायरी कलम भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मुखिया ने बताया कि टाटीझरिया क्षेत्र हमेशा से शांतिप्रिय रहा है। उम्मीद है कि नव पदस्थापित थाना प्रभारी इसे कायम रखेंगे। वहीं थाना प्रभारी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था व अमन चैन हेतु सभी तरह के प्रयास करेंगे। साथ हीं पुलिस-पब्लिक सम्बंध मधुर बनाने का हर प्रयास किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों व समाजसेवीयों का सहयोग की जरुरत है। मौके पर दीपचंद यादव, अशोक यादव, गोपाल सिन्हा, बजरंग सिंह, भुनेश्वर प्रसाद शामिल रहे।

### कोडरमा अगस्त क्रांति की स्मृति में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया आहवान



**कोडरमा ।** कोडरमा जिला स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा अगस्त क्रांति की स्मृति में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार का आ''ान करता है आज कोडरमा जिला स्वदेशी जागरण मंच के प्रमुख योग गुरु प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि पूरे भारत में आज विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार का एक कार्यक्रम भी रखा गया और रैली भी निकला गया इस अवसर पर झुमरी तिलैया में भी कार्यक्रम हुआ जहां ब्लॉक तालाब पार्क के पास आज सुबह स्वदेशी जागरण मंच के तहत विदेशी वस्तु बहिष्कार का कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच झारखंड प्रांत के कृषि प्रकोष्ठ अंजनी कुमार सिन्हा जी उपस्थित थे, अंजनी कुमार सिन्हा जी ने बताएं कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा स्वदेशी के आ''ान का स्वागत करते हैं जहां प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है, स्वदेशी जागरण मंच 1991 में अपनी स्थापना के बाद से ही स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है स्वदेशी जागरण मंच का दृढ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं की वर्तमान परिस्थितियों में जहां वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं भुगतान प्राणलियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है अमेरिका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षण वादी बना रहे हैं और टैरिफ अधिकतम टैक्स दीवारों और अन्याय पूर्ण गैर टैरिफ बधाओ का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरोध किया जा रहा है,

### पंडरिया में पेयजल की भारी किल्लत, जलमीनार बना शोभा की वस्तु

**टाटीझरिया(हजारीबाग) ।** प्रधानमंत्री का हर घर नल योजना को ग्रहण लगते दिख रहा है। प्रखंड क्षेत्र में कई जलमीनार पानी छिड़ने लगा है,कई स्थानों पर लिंकेज की समस्या है ,तो कई स्थान पर अब तक न तो टंकी ,न ही मोटर लगाया गया है। ऐसा ही एक डूमर पंचायत के पंडरिया आदिवासी टोला में देखने को मिला। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि दो साल से इसी तरह से यह खड़ा है। पप्पू कुमार मंडल ने बताया कि ठेकेदार का आदमी यहां टावर खड़ा कर गया है,तब से अब तक आया नहीं है। यहां के लोगों को पीने की पानी का किल्लत है। स्थानीय लिलमणि देवी,शंभुलाल मांझी,तुलसी बेसरा,रामलाल बेसरा,फागू बेसरा ने इसे तुरंत ठीक करने की मांग किया है।



# फाइलेरिया मुक्त जिले की ओर बड़ा कदम, 2553 बूथों से शुरू हुआ दवा वितरण अभियान

न्यूज धमाका।






चाईबासा। रविवार को सदर अस्पताल स्थित नर्सिंग कॉलेज में जिलेव्यापी फाइलेरिया रोधी दवा सेवन (MDA/IDA) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सुशांतों कुमार मांझी एवं जिला वी.बी.डी. पदाधिकारी डॉ. मीना कलुन्डिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सिविल सर्जन डॉ. मांझी ने बताया कि भारत सरकार एवं झारखंड सरकार का यह महत्वाकांक्षी अभियान 2027 तक जिले को पूरी तरह फाइलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है और समय पर इलाज एवं दवा सेवन से पूरी तरह रोकी जा सकती है।डॉ. मीना कलुन्डिया ने कहा कि इस अभियान के तहत 10 से 25 अगस्त तक जिले में लगभग 16 लाख लोगों को दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इसके सेवन से फाइलेरिया को जड़ से मिटाया जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि अभियान अवधि में दवा अवश्य लें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से दवा का सेवन किया और संकल्प लिया कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। पिरामल फाउंडेशन के अभिषेक गौतम ने बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से दवा सेवन एवं फाइलेरिया से बचाव के बारे में जागरूकता फैलाई।कार्यक्रम में डॉ. शिव चरण हांसदा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जगन्नाथ हेम्ब्रम, जिला वी.बी.डी. कंसल्टेंट शशि भूषण महतो, मनीष कुमार, मनोज कुमार, पिरामल फाउंडेशन टीम तथा नर्सिंग कॉलेज की लगभग 246 छात्राएं उपस्थित थीं। यह अभियान जिले के कुल 2553 बूथों से एक साथ शुरू किया गया है और स्वास्थ्य विभाग ने लक्ष्य रखा है कि हर योग्य व्यक्ति तक दवा पहुंचाई जाए ताकि फाइलेरिया का नामोनिशान समाप्त हो सके।

## मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिला प्रशासन की पहल पर सरकारी स्कूल की 28 छात्राएं करेंगी इसरो श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण

**उपायुक्त ने छात्राओं को दी शुभकामनाएं, कहा... ग्रामीण परिवेश से आने वाली छात्राओं के लिए बड़ा अवसर, उम्मीद है यह एक्सपोजर विजिट इनके भविष्य निर्माण में बड़ी भूमिका निभाएगी**

न्यूज धमाका।





जमशेदपुर : मुख्यमंत्री, झारखंड की प्रेरणा से जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रारम्भ की गई सरकारी स्कूल के बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों की 28 छात्राएं 11 अगस्त 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC SHAR), श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण करेंगी। इस दल में पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अश्राम आवासीय विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं अन्य सरकारी विद्यालयों की छात्राएं शामिल हैं। चयनित छात्राओं की सूची पूर्व में इसरो प्रशासन को प्रेषित की जा चुकी है। छात्राओं के दल के साथ कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री मृत्युंजय कुमार एवं अन्य इंस्ट्रक्टर की भी टीम भेजी गई है।

समाहरणालय परिसर से छात्राओं को रवाना करते हुए उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह एक्सपोज़र विजिट विशेष रूप से ग्रामीण एवं वंचित समुदायों से आने वाली छात्राओं के लिए आयोजित की जा रही है, जिससे वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए अवसरों और संभावनाओं से रूबरू हो सकें। इस भ्रमण के दौरान छात्राएं इसरो के विभिन्न तकनीकी एवं अनुसंधान संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त करेंगी, जिससे उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, रॉकेट प्रक्षेपण एवं उपग्रह प्रौद्योगिकी का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा।

उपायुक्त ने उम्मीद जताई कि यह यात्रा छात्राओं के लिए जीवनभर का यादगार अनुभव होगी और उनके भविष्य निर्माण में प्रेरणादायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर छात्राओं को बड़े सपने देखने और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### भीषण सड़क हादसा ,दो युवक की मौत ,एक गंभीर घायल

**बोकारो ।** बोकारो जिला अंतर्गत चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चंदनकियारी रोड स्थित पकोड़ी मोड़ के समीप 9 अगस्त को हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान अजित हांसदा और अमित हांसदा के रूप में हुई है, वहीं घायल युवक का नाम सनीचर हेंब्रम है। तीनों चंदनकियारी के बनगड़िया निवासी थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर चास स्थित आईटीआई मोड़ की ओर जा रहे थे। इस दौरान पकोड़ी मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ट्रक का पहिया दो युवकों के सिर पर चढ़ जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने तुरंत घायल को बोकारो सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चंदनकियारी-चास मुख्य सड़क को जाम कर दिया और प्रशासन से सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और जाम हटवाने का प्रयास किया ।

### निकुंज हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में फर्जीवाड़ा, जल्द दर्ज होगा प्राथमिकी

**बोकारो ।** निकुंज हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो दिल्ली से संचालित होती है ।यह कंपनी झारखंड में 2022 से हॉस्पिटल को अपने साथ पंजीकृत कर मरीज का मेडिक्लेम इंश्योरेंस कंपनी से रियम्बसमेंट करवाने का काम करती थी इसके एवज में कंपनी हॉस्पिटल से रियम्बसमेंट करवाने के लिए 15 से 18 प्रतिशत कमीशन लेती थी ।यह कंपनी 2022 में डॉक्टको के नाम से चल रही थी फिर किसी कारणवश डॉक्टको का नाम बदलकर आयुष्पे कर दिया गया ।कंपनी रियम्बसमेंट करवाने के लिए हॉस्पिटल से मेडिक्लेम पॉलिसी होल्डर से अप्रूव्ड अमाउंट का पीडीसी चेक पहले ही ले लेती थी ताकि रियम्बसमेंट का पैसा जैसे ही पॉलिसी होल्डर के खाता में जमा होता था पीडीसी चेक लगाकर इंश्योरेंस से भुगतान रुपया को निकाल लेता था और अपना 15 से 18 प्रतिशत कमीशन काटकर शेष पैसा हॉस्पिटल के खाता में भेज देता था ,कंपनी का यह प्रक्रिया कुछ माह तक यूंही ही चलता रहा फिर दिसंबर 2024 से इंश्योरेंस कंपनी से भुगतान राशि को पीडीसी चेक बैंक में जमा कर पूरा रुपया खुद लेने लगा और हॉस्पिटल को भुगतान करना बंद कर दिया यानी अब फर्जीवाड़ा करना प्रारंभ किया ,ओर काम करना बंद कर दिया । बोकारो ,धनबाद ,रांची के कई हॉस्पिटल का लाखों रुपया का भुगतान अभी तक नहीं किया ओर खुद गबन कर लिया ।उक्त बात की जानकारी हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात रंजन ने मीडिया को दी है ,श्री प्रभात का कहना है कंपनी के सीईओ निमित अग्रवाल ,को फाउंडर कर्नल हेमराज सिंह परमार ,विवेक कपूर सही कई पर फर्जीवाड़ा का मुकदमा न्यायालय में जल्द दर्ज करवाया जाएगा ,श्री प्रभात ने आगे कहा कंपनी के अधिकारियों को अपने बकाया भुगतान राशि को लेकर कई बार भुक्तभोगी हॉस्पिटल ने फोन ,व्हाट्सएप ,ईमेल भी किया पर कंपनी वाले कोई रिस्पॉन्स नहीं देते ,फोन रिसीव भी नहीं करते है ।

## आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने 1939 में प्रथम दीक्षा दुर्दांत डकैत कालीचरण चट्टोपाध्याय को दिया

**अहंकार की छतरी को हटा दो और परम पुरुष की कृपा बारिस से भींग जाओ**

न्यूज धमाका।



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से गदरा आनंद मार्ग जागृति में 3 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन एवं लगभग 300 नारायणो को भोजन कराया गया इस अवसर पर कोलकाता रीजन के रीजनल सेक्रेटरी आचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत ने कहा किआनंद मार्ग के प्रवर्तक भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने आज ही के दिन वर्ष 1939 में प्रथम दीक्षा श्रावणी पूर्णिमा कि रात्रि में काशी मित्रा घाट पर दुर्दांत डकैत कालीचरण चट्टोपाध्याय को दिया था जो बाद में आचार्य कालिकानंद कालिकानंद अवधूत के रूप में प्रचलित हुए।

इसी दिन एक नई सभ्यता की नींव रखी गई। इसी दिन से विश्व को नई दिशा देने के लिए गुरुदेव श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने योग और तंत्र साधना मुक्ति आकांक्षा प्राप्त व्यक्ति को जाने लगे । आज पूरे विश्व में लाखों लाख आनंदमार्गी जगत हित के काम में लगे हैं।

आचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत ने कहा कि

परम पुरुष कि कृपा ही तो सर्वत्र है । लेकिन आप जानते हो, बारिस के समय क्या होता है ? यदि वर्षा के समय आप छाता लगाये हो, तो आप भींगोगे नहीं और जब आप छाता हटा लोगे, तो आप भींग जाओगे । अतः परमपुरुष की कृपा उसी बारिस के समान है । यदि आप अपने सिर पर अहंकार की छतरी लगाये हुए हो, तो आप परमपुरुष की कृपा बारिस से भींगोगे नहीं ।

इस अहंकार की छतरी को हटा दो और उनकी कृपा बारिस से भींग जाओ, तब उनकी कृपा का रसास्वादन पाओगे । यही रहस्य है।

## बीएसएल प्लांट के जमीन में अतिक्रमण को लेकर बोकारो जिला के समाजसेवी सह व्यापारी गोपाल लोधा ने क्या कहा

बोकारो/न्यूज धमाका।

बोकारो जिला ही नहीं झारखंड ,बिहार राज्य के वरीय समाजसेवी सह व्यापारी गोपाल लोधा से खास बात चित में उन्होंने बीएसएल प्लांट के जमीन में अतिक्रमण के बारे में कहा कि बीएसएल प्लांट भूखंड के मामले में एशिया के सबसे बड़ा कारखाना के रूप में जाना जाता है ,अगर बीएसएल प्लांट सही मायने में अपने जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाना चाहता है और रिवेन्यू लेना चाहता है तो प्लांट के पास अतिरिक्त जो जमीन है जिसमें अतिक्रमण हो रहा है वहां एक शॉपिंग मॉल ,दुकान बनाकर किराए में दे , व्यापारीयो को जमीन लीज या किराए में दे ,हाट बाजार के लिए जमीन आवंटित कर किराए में दे ,झुग्गी झोपड़ी वासियों के लिए जमीन आवंटित कर किराए में दे , बिजली पानी का बिल ले ,खाली पड़े जमीन में पार्क ,योगाभ्यास ,खेल खुद ,सांस्कृतिक कार्यक्रम ,पुस्तकालय आदि का निर्माण करे जिससे प्लांट को हर माह रिवेन्यू आयेगा और शहर की खूबसूरती भी बना रहेगा ,वाहनों के लिए न्यूनतम दर में पार्किंग की व्यवस्था करे , जो व्यापारी जमीन अतिक्रमण कर रहे है उनको जमीन लीज या किराए में दे ,खंडर नुमा स्कूल ,क्लब में बुजुर्गों पुरुषों ,महिलाओं ,बच्चों के आवश्यकतानुसा भवन का निर्माण कर एक न्यूनतम शुल्क ले ।श्री लोधा ने कहा कि ये सब करने से प्लांट को अतिक्रमण की परेशानी से झेलना नहीं पड़ेगा और प्लांट को हर माह अच्छा खासा रिवेन्यू भी आयेगा ,सहित कई बेरोजगारों को रोजगार भी मिलेगा और बोकारो शहर का सुंदरीकरण भी होगा । आगे श्री लोधा ने कहा कि बीएसएल प्लांट दूंदी बाजार सहित अन्य फुटपाथ दुकानदारो के लिए खाली पड़े जमीन में छोटा छोटा मॉल बनाकर उन दुकानदारों को व्यवस्थित कर दे ओर किराया ले , इससे शहर का सुंदरीकरण होगा ओर शहर में साफ सफाई रहेगा ,इन्होंने कहा कि बड़े बड़े शहरों में इसी तर्ज़ में काम किया जाता है ।सभी फुटपाथ दुकानदारो को हर एक सेक्टर में छोटे छोटे मॉल बनाकर व्यवस्थित करना चाहिए ,ताकि सभी दुकान एक साथ रहेगा ओर आमजनता को भी एक ही जगह सभी जरूरत की सामग्री भी मिल जायेगा , इससे शहर का सुंदरीकरण भी होगा ,आमजनों को जाम से भी निजात मिलेगा ।श्री लोधा ने आगे कहा कि ये सब सामाजिक कार्य करने ,सुंदरीकरण करने के लिए बीएसएल प्लांट हम जैसे व्यापारियों को दे दे तो हम लोग करेंगे और प्लांट को रिवेन्यू भी मिलेगा ।उन्होंने कहा कि अगर प्लांट इन सब मसलों में हम व्यापारियों से बातचीत करना चाहते है तो हमसब तैयार है । हमलोगों का एक ही मंशा है कि बड़े शहरों के तर्ज में बोकारो शहर को कैसे सुंदरीकरण किया जाय ।दूंदी बाजार को व्यवस्थित करने से हवाई जहाज का मार्ग भी सुलभ हो जाएगा ।

## ब्रह्मा कुमारीज़ बहनों द्वारा मैरीन ड्राइव सोनारी सोनारी में रक्षा बंधन त्योहार मनाया गया

न्यूज धमाका।








जमशेदपुर । मैरीन ड्राइव स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रिट्रीट सेंटर यूनिवर्सल पीस पैलेस में रक्षाबंधन का त्यौहार बहुत नवीनता से मनाया गया। डॉ प्रशांत ''ङ्किट डायरेक्टर ब्रह्माकुमारी इनर स्पेस कैंब्रिज यूके , ब्रह्माकुमारी सिस्टर अनन्या राजयोगा ट्रेनर मेलबर्न ,ऑस्ट्रेलिया से हमारे बीच भारत में इस त्यौहार को मनाने के लिए आए थे । इस दौरान एक घंटे का सत्र भी आयोजित हुआ ₹ मिस्त्री और मैजिक इन अवर लाइफ₹ ,जिसमें जीवन की सबसे गहरी सच्चाई की मैं कौन हूं इसे स्पष्टता से बताया गया ' यह विश्व एक रंगमंच है ड्रामा है , जिसमें मैं अदृश्य आत्मा एक किरदार निभा रही हूं। वास्तव में मैं एक अदृश्य मुसाफिर हूं, मेहमान हूं, जिनका स्थाई घर परमात्मा का अविनाशी घर है जो इस परिवर्तनशील दुनिया में आकर अलग-अलग पार्ट निभाती है।जैसे मेडिसिन से शरीर की बीमारियां ठीक होती है वैसे मन की बीमारियां इमोशनल साइकोलॉजिकल यह सब राजयोग मेडिटेशन से ठीक कर सकते हैं ' इस कार्यक्रम में डेजी ईरानी , तारु बहन , कमानी जी, सरयू पासवान रिटायर्ड डीएसपी , ज्या दुकनिया, चार्टर्ड अकाउंटेंट पवन अग्रवाल , प्रभा जायसवाल सेक्रेटरी आदर्श सेवा संस्थान आदि उपस्थित थे , जिनके द्वारा दीप प्रज्वलन कराया गया। सभी उपस्थित अतिथि गणों एवं उपस्थित भाई बहनों को परम रक्षक अविनाशी संबंधी परमात्मा का रक्षासूत्र बांधा गया और रक्षा बंधन त्योहार धूमधाम से मनाया गया । इस कार्यक्रम में कई मीडियाकर्मी गण भी शामिल हुए , जिन्हें ब्रह्मा कुमारीज़ बहनों ने तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधी और मिठाईयां खिलाई। रमात्मा शिव जिसे हमारा सर्व संबंध है , उनके बंधन में बंध कर हम अपने जीवन को सदा सुखमय ,शांतिमय एवं सुरक्षित अनुभव कर सकते हैं। अंत में राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति भी कराई गई ' यह राजयोग मेडिटेशन ब्रह्माकुमारी के प्रति सेवा केंद्र में निःशुल्क सिखाया जाता है '

## एक नजर

### झारखंड के 11 जिलों में 13 को भारी बारिश की आशंका

**रांची।** राज्य के 11 जिलों में 13 अगस्त को कई स्थानों पर भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने रविवार को येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है। उनमें झारखंड के दक्षिणी जिले और उत्तर-पूर्वी जिले शामिल है। दक्षिणी जिलों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां, जबकि उत्तर पूर्वी जिलों में देवघर, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, गिरिडीह, गोड्डा और जामताड़ा के कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश दुमका जिले के मसानजोर में 56 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान रांची में 3.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। धूप के चलते हल्की गर्मी और उमस का एहसास हुआ। रांची में अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री, जमशेदपुर में 28 डिग्री, डाल्टनगंज में 30.5, बोकारो में 28.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



### लायंस क्लब ग्लोबल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल को सत्र 2024-25 में अपनी बेहतर सेवाओं और सामाजिक कार्यों के लिए रविवार को डिस्ट्रिक्ट 322ए द्वारा कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल को मिले पुरस्कारों में परमानेंट प्रोजेक्ट अवार्ड, भोजन वितरण पुरस्कार, सदस्यता वृद्धि पुरस्कार, जिला राज्यपाल पुरस्कार, सेवा गतिविधि पुरस्कार और उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार शामिल हैं। क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्लब परिवार की एकजुटता और समाज के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है।यह क्लब की सामूहिक मेहनत, निष्ठा और सेवा भावना के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी सदस्यों, समर्थकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में क्लब और सशक्त याजनाओं और परियोजनाएं लाकर समाज के अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाएगा।



### मॉल ऑफ रांची की दूसरी वर्षगांठ 13 अगस्त को

**रांची।** राजधानी के पसंदीदा शॉपिंग और एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन मॉल ऑफ रांची की दूसरी वर्षगांठ 13 अगस्त को मनाई जायेगी। मॉल प्रबंधन ने शहरवासियों को एक अविस्मरणीय शाम का हिस्सा बनने का निमंत्रण दिया है। रातू रोड स्थित मॉल के एट्रियम फ्लोर पर बुधवार शाम आयोजित होने वाले विशेष समारोह में मनोरंजन, फेस्टिव गेम्स, गतिविधियां और साल का सबसे बड़ा मेगा लकी ड्रॉ होगा। कार्यक्रम का आरंभ शाम 4:30 बजे होगा और देर रात तक चलेगा। मॉल में आने वाले लोगों को शानदार उपहार जीतने का रोमांचक अवसर मिलेगा। मेगा लकी ड्रॉ में स्कोडा कुसाक कार बंपर इनाम के रूप में दी जायेगी। इसके अलावा सैमसंग एलइडी टीवी, सैमसंग डबल डोर फ्रिज, फुली ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन, स्मार्टफोन, माइक्रोवेव ओवन, डिजिटल डोर लॉकर, हाइडिजाइन बैग्स व लेदर एक्सेसरीज, अमेरिकन टूरिस्टर ट्रॉली बैग्स, एलिगेंट डिनर सेट, फैबर बर्नर कुकटॉप समेत कई आकर्षक उपहार शामिल होंगे। मॉल प्रबंधन ने कहा कि पिछले दो वर्षों की यादगार यात्रा में हमें जो अपार स्नेह, विश्वास और सहयोग मिला, उसके लिए हम रांचीवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।



### रांची में गौसेवा से महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में अग्रवाल सभा का 49वां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव रविवार को गौसेवा के पावन कार्य के साथ आरंभ हुआ। सुबह 7:30 बजे हरमू रोड स्थित रांची गौशाला में गौपूजन कर महोत्सव का पहला चरण प्रारंभ किया गया। अग्रवाल सभा के निर्वतमान अध्यक्ष नंद किशोर पाटोदिया और उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने विधिवत गौपूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गौपूजा के बाद गौ माताओं को हरी घास, रोटी, गुड़ आदि खिलाया गया तथा उनकी आरती उतारी गई। इस अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सफलता में योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मनोज चौधरी, विजय खोवाल, कौशल राजगढ़िया, निर्मल बुधिया, कालू खेतान, अमर अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, अशोक लाठ, मनोज रुइया, सुनील पोद्दार, गौरव परसरामपुरिया, विनोद टेबरीवाल, राजकुमार मित्तल और मुकेश जाजोदिया की विशेष भूमिका रही।



### प्रजापति विश्वविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पूर्व कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चौधरी बगान, हरमू रोड में रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पूर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में न होकर सतयुगी सुख की दुनियां में हुआ था। कलियुगी सृष्टि के इस अंत समय में पतित सृष्टि समाप्त होकर सुखमय स्वर्ग आता है। जहां श्रीकृष्ण सर्वगुण संपन्न देवता के रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि यमुना के कंठे पर फिर उनकी रासलीला होती है। जो आत्माएं वर्तमान समय गीताज्ञान एवं राजयोग के द्वारा विकारों का त्याग कर पवित्र और योगी बनेगी वे ही स्वर्ग की दुनिया में श्रीकृष्ण के साथ पदार्पण करेगी। वक्ताओं ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन नीति, रणनीति और समर्पण का प्रतीक है। महावीर मंडल, रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण का आवाह्न आचार–विचार की शुद्धि से ही संभव है। संजय सर्राफ ने कहा कि कृष्ण का जीवन केवल रासलीला नहीं बल्कि धर्म, नीति और सेवा का संदेश देता है। विनीता सिंघानियां ने इन्द्रिय जीत का महत्व बताया, जबकि शिव नारायण साहू ने कहा कि कृष्ण तन और मन से देवत्व के प्रतीक थे। सत्य नारायण तिवारी ने धर्म स्थापना के लिए कृष्ण के योगदान का उल्लेख किया। शुभा अग्रवाल ने जन्माष्टमी को जीवन में दिव्यता लाने की प्रेरणा बताया। दुर्गा साहू ने कहा कि कृष्ण का जन्म बंधनों से मुक्ति का संदेश देता है। कार्यक्रम में भजन, नृत्य, रास और झांकियों के साथ भव्य उत्सव मनाया गया। अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की वार्षिक आमसभा में नई चयन समितियों की घोषणा

**संवाददाता/राँची।**

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ( जेएससीए) की नई कमेटी के गठन के बाद पहली वार्षिक आमसभा (एजीएम) रविवार को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में हुई। बैठक में सदस्यता विस्तार से लेकर अनुशासनहीनता पर कार्रवाई और नई चयन समितियों के गठन तक, कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। संघ के सचिव सौरव तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि संगठन के हित में सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि

यह वार्षिक आमसभा हमारे लिए खास है, क्योंकि नई समिति बनने के बाद यह पहली बैठक थी। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो आने वाले समय में संघ और खिलाड़ियों दोनों के लिए लाभकारी होंगे। उन्होंने बताया कि वार्षिक आमसभा में 8 वर्तमान





और पूर्व क्रिकेटरों, 2 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस ) और 2 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधकारियों समेत कुल 29 लोगों को आजीवन सदस्यता देने का रास्ता साफ हुआ। यह प्रस्ताव विशेष जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर लाया गया, जिसे आमसभा ने मंजूरी दी। सदस्यता विस्तार को संघ के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि इससे खेल से जुड़े अनुभवी और प्रभावशाली लोगों का जुड़ाव बढ़ेगा।

बैठक में संघ के संसाधनों का अनधिकृत उपयोग और नियमों के उल्लंघन के आरोप में रणजीत सिंह और उनके भाई संतोष सिंह की आजीवन सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह फैसला पहले शनिवार को कमिटी ऑफ मैनेजमेंट में लिया गया था, जिसे एजीएम में ध्वनि मत से मंजूरी मिली। सदस्यों की मांग पर पूर्व क्यूरेटर एसबी सिंह के खिलाफ भी अनुशासनहीनता की जांच के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

### 29 लोगों को मिली आजीवन सदस्यता

वार्षिक आमसभा में सीनियर चयन समिति का नेतृत्व अब मनीष वर्धन करेंगे, जबकि मनोज यादव, सुब्रतो घोष और अजय यादव समिति के सदस्य होंगे। जूनियर चयन समिति की कमान राहुल शुक्ला के हाथों में होगी, उनके साथ संजीव गुप्ता, सन्नी दास और राजेश झा सदस्य रहेंगे। महिला चयन समिति में कविता राय को चेयरवूमेन नियुक्त किया गया है, जबकि चरणजीत कौर, मनोज सिंह और बालाशंकर झा इसके सदस्य होंगे। बैठक के दैरान जस्टिस अजय कुमार बिष्ट को सत्र 2025-26 के लिए ओम्बुड्समैन (लोकपाल) सह एथिक्स अफसर (नैतिकता अधिकारी) नियुक्त किया गया। यह पद संघ में पारदर्शिता और नैतिक आचरण सुनिश्चित करने के लिए अहम माना जाता है।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट ने दिवंगत शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि





**संवाददाता/राँची।**

झारखंड की राजधानी रांची में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत दो मिनट के मौन से हुई, जिसके बाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों और श्रद्धालुओं ने शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी स्मृति को नमन किया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि शिबू सोरेन केवल राजनेता नहीं, बल्कि एक युगदृष्टा थे। उन्होंने जीवनभर आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि उनका नेतृत्व और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिबू सोरेन के विचारों व आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया। श्रद्धांजलि सभा में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, संजय सर्राफ, मधु जाजोदिया, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, गोविंद अग्रवाल सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# आम्रेश्वर धाम के मेला में उमड़ी भारी भीड़, जमकर हुई खरीदारी

**संवाददाता/राँची।**

बाबा आम्रेश्वर धाम में चल रहे श्रावणी मेले का भले ही पूर्णिमा को समापन हो गया हो, इसके बावजूद रविवार को लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। भीड़ का आलम यह था कि लोगों को 500 मीटर की दूरी तय करने में पसीने छूट रहे थे। भीड़ कों देखते हुए बाबा आम्रेश्वर धाम जाने वाली सभी सड़कों पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रशासन की ओर से रोक लगा दी गई थी। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी और सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे। पूजा अर्चना के बाद दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेला का आनंद उठाया। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही डंडाधिकारियों के साथ समुचित मात्रा में महिला और पुरुष बल के जवानों की तैनाती की गई है। लोगों ने खेल तमाशा, झूले का आनंद लिया।



साथ ही विभिन्न तरह के व्यंजनों को लुत्फ उठाया। मला परिसर में सुबह से ही विभिन्न क्षेत्रों के लोग जुटने लगे थे। देर शाम तक लोगों की भारी भीड़ मेला परिसर में जमी रही।

# झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर पीएम ने दी शुभकामनाएं

**संवाददाता/राँची।**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आज 50वां जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी समेत तमाम राजनेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकानाएं दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "मैं हेमंत सोरेन की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं"। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, " बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करता हूं।" उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आज 50वां जन्मदिन है। इस बार मुख्यमंत्री अपना जन्मदिन नहीं माना रहे हैं। क्योंकि उनके पिता शिबू सोरेन का 4 अगस्त को निधन हो गया था और इन दिनों उनका श्राद्ध कर्म चल रहा है।

हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त 1975 को



रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ था। बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हेमंत इंजीनियर बनने का सपना देखते थे। उन्होंने रांची के प्रतिष्ठित बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा में प्रवेश भी लिया, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों और बदलती राजनीतिक परिस्थितियों ने उनका रास्ता बदल दिया। उन्होंने पढ़ाई छोड़कर संगठन को मजबूत करने का बीड़ा उठाया और बड़े भाई दुर्गा सोरेन के साथ सक्रिय राजनीति में उतर आए। वर्ष 2005 में उन्होंने दुमका से अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और संगठनात्मक मजबूती के साथ कार्य करते रहे।

हेमंत सोरेन ने वर्ष 2009 में दुमका सीट से जीत हासिल की और 2010 में राज्य के उपमुख्यमंत्री बने। 13 जुलाई 2013 को उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह सरकार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मिलकर बनाई थी और उनका कार्यकाल 23 दिसंबर 2014 तक चला। वर्ष 2014 में वे दुमका और बरहेट दोनों विधानसभा सीटों से चुनाव लड़े। दुमका में हार गए, लेकिन बरहेट से विजयी हुए। इसके बाद वे विपक्ष के नेता के रूप में पांच वर्षों तक सक्रिय राजनीति में डटे रहे। वर्ष 2009 में बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन और पिता शिबू सोरेन की बढ़ती उम्र के साथ हेमंत सोरेन पर झामुमो की पूरी जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने इसे पूरी निष्ठा और दृढ़ता से निभाया। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं और झारखंड की जनता के मुद्दों पर मुखर होकर काम किया। आज जब वे 50 वर्ष के हो गए हैं, तब उनका जन्मदिन ऐसे समय में आया है, जब वे अपने पिता के निधन के शोक में हैं। एक पुत्र के रूप में वे अपने पिता की राजनीतिक और सामाजिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

# रांची में ऑटो किराये का निर्धारण 13 को करेगा ऑटो चालक संघ

**संवाददाता/रांची।**

नामकुम रामपुर कांटाटोली मार्ग पर चलने वाले ऑटो चालकों की बैठक नामकुम सारण मैदान में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने किया और सभा का संचालन प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित ऑटो चालकों ने निर्णय लिया की कांटाटोली से नामकुम रामपुर मार्ग पर परिचालन करने वाले ऑटो चालकों ने किराया में संशोधित करते हुए किराया तय किया।

बताया गया कि वर्ष 2020-21में जो रूट किराया था उस हिसाब से अभी भी यात्री हित में





अब तक फिर से ऑटो किराया निर्धारित नहीं किया। इसलिए प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा ने यह निर्णय लिया कि 13 अगस्त को प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकारी सदस्यों की बैठक ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड प्रदेश कार्यालय में बैठक होगी।

बैठक में जो 2020-21 में सभी रूट का किराया निर्धारित किया गया था उसके बाद आज तक रांची शहर में किसी भी रूट का यूनियन की ओर से किराया निर्धारित नहीं होने से रांची में ऑटो चालक यात्रियों से मनमाना किराया ले रहे हैं। इसलिए महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी बैठक कर पूरे रांची शहर का ऑटो किराया यात्री हित को देखते हुए निर्धारित करेंगे।

ताकि यात्रियों से कोई मनमानी किराया नहीं वसूल सके। साथ ही धुवा-हटिया मार्ग का भी किराए का निर्धारण किया जाएगा।बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा, मनोरंजन सिंह, संदीप मिंज, रवि प्रसाद, महेश कुमार यादव, दशरथ राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# जया प्रदा का जलवा, बिजनेस अवार्ड शो में उमड़ी भीड़



**संवाददाता/पूर्वी सिंहभूम।**

शहर में रविवार को मशहूर फिल्म अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जया प्रदा के आगमन ने माहौल को सितारों की चमक से भर दिया। वह झारखंड में पहली बार आयोजित हो रहे बिजनेस अवार्ड शो में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। शहर पहुंचते ही उनका भव्य स्वागत हुआ और उन्हें देखने और उनके साथ फोटो लेने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखा गया।

जया प्रदा की मौजूदगी से सजे इस बिजनेस अवार्ड शो में झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल और ओडिशा से व्यापारी, उद्यमी और सोशल मीडिया हस्तियां शामिल हुईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों, स्टार्टअप्स और उद्यमियों को सम्मानित करना था। जया प्रदा के अलावा लोकप्रिय सोशल मीडिया और यूट्यूब हस्तियां जैसे एवी वायरल, जूनियर मिथुन और कई स्थानीय कलाकार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में प्रशंसक जया प्रदा की एक झलक पाने के लिए पहुंचे। कई लोग सेल्फी लेने के लिए आतुर दिखे, जबकि आयोजकों ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे।

# बंगाली युवा मंच के मेडिकल कैंप में 70 लोगों ने कराई जांच

**संवाददाता/रांची।**

झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा देशप्रिय क्लब एंड लाइब्रेरी परिसर में भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 लोगों ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप के साथ ही पूरे शरीर की जांच और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (इसीजी) (हृदय की विद्युत गतिविधि को मापने का एक परीक्षण) की जांच करवाई।

डॉक्टर शंकर नाथ ने शिवर में आए लोगों को चिकित्सा संबंधी परामर्श दिया। मेडिकल टीम के



डॉक्टर शंकर नाथ का स्वागत मंच के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने किया। शिविर में मंच के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष, सभी सदस्य, देशप्रिय क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमल बोस और क्लब के सचिव प्रणब चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। स्वास्थ्य जांच शिविर की शुरुआत में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर मंच के सदस्यों और उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कांग्रेस ने वोट की चोरी पर दिखाया राहुल गांधी का प्रजेंटेशन

**संवाददाता/पूर्वी सिंहभूम।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने रविवार को वोट की चोरी विषय पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का प्रजेंटेशन प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने पदाधिकारियों से सजग रहते हुए पूरे प्रजेंटेशन को ध्यानपूर्वक देखने और इसकी जानकारियों को जनता तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रजेंटेशन से मतदान प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों को समझने और उन्हें दूर करने के लिए जन आंदोलन खड़ा करने की आवश्यकता है।

दुबे ने आरोप लगाया कि कई बूथों में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, एक ही घर के पते





पर 80-80 लोगों के नाम दर्ज हैं, पिता के नाम में हेरफेर की गई है और लाखों मतदाताओं के नाम गलत मंशा से जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि एक मतदाता का नाम दो से चार बूथों में दर्ज कर फर्जी मतदान कराया जा रहा है, जो कर्नाटक, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी देखा गया है। अब हर बूथ का निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मतदान दिवस के सीसीटीवी फुटेज कांग्रेस पार्टी को सौंपने की मांग की और कहा कि फर्जी मतदान कराने वालों और षड्यंत्र रचने वालों को जेल भेजा जाए तथा ऐसे तरीकों से बनी सरकार को बर्खास्त किया जाए।

प्रजेंटेशन के प्रबंधन में अनुपम सिन्हा, संजय सिंह आजाद और ब्रजेन्द्र कुमार तिवारी की भूमिका रही। इस अवसर पर प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, समरेन्द्र नाथ तिवारी, आशीष ठाकुर, अली रजा खान, राजू गद्दी, नारायण डे, मुन्ना मिश्र, दीपक यादव, अभिषेक मोहंती, विनोद यादव, अरुण कुमार सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, मो. शब्बीर, गुरदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सांसद मनीष जायसवाल नेमरा पहुँचें,पूर्व सीएम शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि,शोक संतप्त सीएम हेमंत सोरेन सहित उनके परिजनों से मिलकर जताई गहरी संवेदना

न्यूज धमाका।

हजारीबाग,रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन के पैतृक गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रांतर्गत रामगढ़ जिला के बरलंगा प्र-खंड स्थित ग्राम-नेमरा पहुंचकर





उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी पुनीत आत्मा की शांति की कामना की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

सांसद ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण हमेशा समाज के लिए प्रेरक रहेगा। मौके पर विशेषरूप रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, भाजपा नेता छोटन सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, वरिष्ठ नेता मनोज महतो, बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मंशू वेदिया, बबली सिंह, के.बी. सहाय, ललन कुशवाहा, सूरज वर्मा,संतोष कुशवाहा, बासुदेव, सुधीर महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## एक नजर

### कलश के साथ निकाली गई महिला श्रद्धालुओं द्वारा भागवत-कलश यात्रा



**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति द्वारा गोल्फ कोर्स ग्राउंड में 10 से 16 अगस्त तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आगाज रविवार को सुबह कलश यात्रा से संपन्न हुआ। क्रासिंग रिपब्लिक की महिला श्रद्धालुओं ने गार्डेनिया सोसाइटी के मंदिर से सिर पर कलश लेकर गोल्फ कोर्स ग्राउंड स्थित भागवत-कथा पंडाल में पहुंचीं, जहां सांस्कृतिक कला संगम समिति के पदाधिकारियों ने अभिनंदन किया।

मंदिर में अनुष्ठान पूरा कर अश्वरथ पर विराजमान होकर व्यास महाराज रामानंदीय वैष्णव आचार्य अवध गोपाल दास महाराज कलश यात्रा में साथ-साथ चल रहे थे, जिनकी उपस्थिति से यह कलश यात्रा एक यादगार पल बन गया। गार्डेनिया सोसाइटी के मंदिर से ही बैंड बाजे के साथ निकाली गई इस कलश यात्रा में सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों क्षितिज सिंघल, बी पी एस भाटिया, आशुतोष चंदन, विवेक शर्मा, तरुण भारद्वाज, विजय गोयल, के एन ठाकुर, दुर्गेश सिंह, गौरव गर्ग, राकेश पुंज, रवि गुप्ता, रवि शर्मा, ए के जैन, परितोष नंदन, डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर, विकोस कुमार, संजय अग्निहोत्री, एम के शर्मा आदि ने अगुवाई की। कलश यात्रा में क्रॉसिंग की महिलाएं कलश सिर पर धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुईं तो कुछ श्रद्धालु बिना कलश के ही शामिल हुईं। परीक्षित की भूमिका में अविनाश वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सुमीता वर्मा कलश यात्रा में साथ चल रही थीं।

### प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने रवाना

**डुमरी।** बलदेव साहू स्टेडियम लोहरदगा में 10 एवं 11 अगस्त को आयोजित प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शनिवार की संध्या ट्रेन से गिरिडीह जिला कुश्ती संघ के महासचिव सह कोच युगल किशोर महतो के नेतृत्व में पारसनाथ रेलवे स्टेशन से अंडर 23 किलो वर्ग में सपना कुमारी 50 किलो में,78 किलो वर्ग में नंदनी कुमारी,61 किलो वर्ग में मिक्की ठाकुर,63 किलो वर्ग में शिवम राज सिन्हा रवाना हुए। सभी खिलाड़ियों को संघ के अध्यक्ष राकेश महतो उपाध्यक्ष नारायण महतो कोषाध्यक्ष रमेश महतो, सदस्य रविंद्र कुमार अनूप कुमार आदि ने पउत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी ।

### भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाल किया हर घर तिरंगा फहराने की अपील






**गिरिडीह।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को गिरिडीह में तिरंगा यात्रा निकाला गया। इस दौरान लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घरों में तिरंगा लगाने का अपील किया गया। इसके साथ ही वीर शहीदों को याद कर नमन भी किया गया।

बता दें कि यह तिरंगा यात्रा शहर के झंडा मैदान से निकाला गया, जिसमें 77 मीटर तिरंगा के साथ सैकड़ों की संख्या में भाजपाइयों ने भाग लिया। यह यात्रा टावर चौक, मकतपुर चौक, कालीबाड़ी चौक सहित विभिन्न इलाकों का भ्रमण करते हुए बड़ा चौक पहुंचा। यात्रा में मौजूद भाजपाइयों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे कई देशभक्ति नारा लगाया गया। इसके साथ ही शहरवासियों को तिरंगा देते हुए अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने का अपील भी किया गया।

मौके पर उपस्थित भाजपाइयों ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष पूरे हो चुके हैं। वीर शहीदों को नमन करने एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से, साथ ही लोगों के दिलों में देशभक्ति का भाव उत्पन्न करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है। इसके साथ ही लोगों से भी अपने घरों में तिरंगा लगा कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का अपील किया जा रहा है।

मौके पर जमुआ विधायक मंजू कुमारी, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, संसद प्रतिनिधि दिनेश यादव,शालिनी बैसखियार,कामेश्वर पासवान समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

### मुखिया ने जेपीएससी के तहत वीडियो की रैंक प्राप्त लक्की कुमार, एवं पप्पू सनी का जोरदार स्वागत



**कोडरमा ।** डोमचांच अंतर्गत नवलशाही स्थित बच्छेडीह टोला दूधपनियां में स्थानीय मुखिया बीना देवी की अध्यक्षता में भव्य तर-ीके से स्वागत सह सामान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में जेपीएससी सफल परिणाम 253वीं रैंक तहत वीडियो में चयन दूधपनियां निवासी महेश दास के सपुत्र लक्की कुमार एवं गांवा के पप्पू सनी दास को स्थानीय मुखिया बीना देवी उप मुखिया शकुंतला देवी, भाजपा नेता किशोर यादव, शिक्षक संतोष यादव प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार आदि के द्वारा विधिवत अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस दौरान भाजपा नेता किशोर यादव स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा की इस मुकाम को हासिल करने में लक्की कुमार अपने परिवार को ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है इसलिए मेरी ओर से आज की स्वागत वीडियो के लिए हैऔर आने वाला समय में एसडीओ के लिए आशीर्वाद रहेगा। इस दौरान जगदीश दास पूर्व शिक्षक सहदेव दास, महावीर राणा. कपिल सिंहा. जमुना दास. शिक्षक पंकज राणा, वीरेंद्र यादव, सुधीर बरनवाल, अर्जुन राम, सहदेव राम, संतोष पासवान, अफजल खान, परमेश्वर यादव, रविंद्र यादव आदि ने पुष्माला देकर सम्मानित किया। मौके पर लक्की के चाचा चाचा, नाना नानी, मामा मामी, फुआ के अलावे दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

## डोमचांच युवा शक्ति नई सोच के द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा कार्यक्रम

### सत्यम शिवम सुंदरम प्लस टू उच्च विद्यालय की बच्चियों हुई शामिल

न्यूज धमाका।

**कोडरमा ।** डोमचांच युवा शक्ति एक नई सोच बैनर तले 9 अगस्त क्रांति दिवस के दिन मुनमुन धोबी चुरामन धोबी, उदित नारायण मेहता, मंगल साव के याद में शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन के साथ 10 अगस्त को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में डोमचांच प्रखंड के दर्जनों स्कूलों के साथ फुलवरिया स्थित सत्यम शिवम सुंदरम प्लस टू के बच्चियों भव्य तरीके से सज धज कर यात्रा शामिल हऐ। वही ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में लगभग 5000 बच्चों की लंबी कतार मनमोहक झांकी तिरंगा यात्रा में लगभग 5000 दर्शकों की भीड़ पूरे झारखंड में अपना स्थान रखने लगा। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में कोडरमा विधायक नीरा यादव कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के पुत्र मयंक कुमार जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया, प्रमुख सतनारायण यादव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल सिंह, थाना प्रभारी ओमप्रकाश, नवालशाही थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार के अलावे विभिन्न





राजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष समाजसेवी, बुद्धिजीवी, युवा शक्ति एक नई सोच के तमाम पदाधिकारी सदस्य गण सहित हजारों की संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए. वहीं यात्रा की प्रारंभ सुबह 9:00 बजे से चंद्रावती स्मारक विद्यालय के मैदान से होकर ऐतिहासिक सहित स्मारक के प्रांगण में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर महेशपुर चौक होते हुए काली मंदिर धाम रोड श्रीराम चौक होते हुए चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान में संपन्न हुआ इस दौरान यात्रा में शामिल सत्यम शिवम सुंदरम प्लस टू उच्च विद्यालय फुलवरिया के बच्चों बच्चियों ने मनमोहक झांकी प्रस्तुत का दर्शकों को दिल को जीत लिया इतना ही नहीं 5 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हुए कदम से कदम चाल मिलाकर एक साथ चलना देशभक्ति का संदेश देता है उसे कार्यक्रम को बेहतर बनाने में विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजम विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण नेता वरिष्ठ शिक्षक एवं झांकी का रूप देने वाले आशीष मिस्त्री प्रदीप कुमार मेहता अरुण कुमार ममता कुमारी भूमिका रहा मैं झांकी के कलाकार के रूप में भारत माता सृष्टि कुमारी झांसी की रानी के रूप में लक्ष्मी कुमारी भगत सिंह के रूप में कृष्ण कुमार पुरुष किस के रूप में सुमित कुमार पांडे महिला किसान के रूप में ललिता कुमारी मुस्कान कुमारी रुखसाना परवीन गायत्री कुमारी की प्रस्तुति दर्शकों के दिल को जीत लिया वही भांगड़ा के धुन पर दर्शक थीरकते नजर आए। वही जगह-जगह पर पानी की व्यवस्था के साथ पुष्प वर्षा भी की गई। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर चौक चौराहे पर पुलिस प्रशासन चौकस रहे।

## निकुंज हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में फर्जीवाड़ा, जल्द दर्ज होगा प्राथमिकी

**बोकारो।** निकुंज हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो दिल्ली से संचालित होती है ।यह कंपनी झारखंड में 2022 से हॉस्पिटल को अपने साथ पंजीकृत कर मरीज का मेडिक्लेम इंश्योरेंस कंपनी से रियम्बसमेंट करवाने का काम करती थी इसके एवज में कंपनी हॉस्पिटल से रियम्बसमेंट करवाने के लिए 15 से 18 प्रतिशत कमीशन लेती थी ।यह कंपनी 2022 में डॉक्टको के नाम से चल रही थी फिर किसी कारणवश डॉक्टको का नाम बदलकर आयुष्पे कर दिया गया ।कंपनी रियम्बसमेंट करवाने के लिए हॉस्पिटल से मेडिक्लेम पॉलिसी होल्डर से अप्रूव्ड अमाउंट का पीडीसी चेक पहले ही ले लेती थी ताकि रियम्बसमेंट का पैसा जैसे ही पॉलिसी होल्डर के खाता में जमा होता था पीडीसी चेक लगाकर इंश्योरेंस से भुगतान रुपया को निकाल लेता था और अपना 15 से 18 प्रतिशत कमीशन काटकर शेष पैसा हॉस्पिटल के खाता में भेज देता था ,कंपनी का यह प्रक्रिया कुछ माह तक यूंही ही चलता रहा फिर दिसंबर 2024 से इंश्योरेंस कंपनी से भुगतान राशि को पीडीसी चेक बैंक में जमा कर पूरा रुपया खुद लेने लगा और हॉस्पिटल को भुगतान करना बंद कर दिया यानी अब फर्जीवाड़ा करना प्रारंभ किया ,ओर काम करना बंद कर दिया ।बोकारो ,धनबाद ,रांची के कई हॉस्पिटल का लाखों रुपया का भुगतान अभी तक नहीं किया ओर खुद गबन कर लिया ।उक्त बात की जानकारी हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात रंजन ने मीडिया को दी है ,श्री प्रभात का कहना है कंपनी के सीईओ निमित अग्रवाल ,को फाउंडर कर्नल हेमराज सिंह परमार ,विवेक कपूर सही कई पर फर्जीवाड़ा का मुकदमा न्यायालय में जल्द दर्ज करवाया जाएगा ,श्री प्रभात ने आगे कहा कंपनी के अधिकारियों को अपने बकाया भुगतान राशि को लेकर कई बार भुक्तभोगी हॉस्पिटल ने फोन ,व्हाट्सएप ,ईमेल भी किया पर कंपनी वाले कोई रिस्पॉन्स नहीं देते ,फोन रिसीव भी नहीं करते है ।उन्होंने कहा कि इस कंपनी को सूचना दी जाती है कि यह खबर अखबार में प्रकाशित होने के पंद्रह दिनों के अंदर जिन हॉस्पिटल का बकाया है उस हॉस्पिटल को बकाया राशि का भुगतान नहीं करता है तो उक्त कंपनी के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करवाया जायेगा ।

## भीषण सड़क हादसा ,दो युवक की मौत ,एक गंभीर घायल

**बोकारो ।** बोकारो जिला अंतर्गत चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चंदनकियारी रोड स्थित पकोड़ी मोड़ के समीप 9 अगस्त को हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान अजित हांसदा और अमित हांसदा के रूप में हुई है, वहीं घायल युवक का नाम सनीचर हेंब्रम है। तीनों चंदनकियारी के बनगड़िया निवासी थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर चास स्थित आईटीआई मोड़ की ओर जा रहे थे। इस दौरान पकोड़ी मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ट्रक का पहिया दो युवकों के सिर पर चढ़ जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने तुरंत घायल को बोकारो सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चंदनकियारी-चास मुख्य सड़क को जाम कर दिया और प्रशासन से सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और जाम हटवाने का प्रयास किया ।

## सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 9वीं जत्था बच्छई पंचायत से हुआ रवाना

### सांसद मनीष व विधायक मनोज ने यात्रियों के पाँव पखारे, पुष्प वर्षा कर यात्रा के लिए रवाना किया

न्यूज धमाका।

**हजारीबाग ।** बुजुर्गों के सम्मान और आस्था की पूर्ति के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत रविवार को बच्छई पंचायत से श्रद्धालुओं का एक विशेष जत्था चार प्रमुख तीर्थ स्थलों की ओर रवाना हुआ। हज़ारीबा×ग सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज यादव ने यात्रियों के पाँव पखारे और पुष्प वर्षा कर तीर्थ यात्रा के लिए बस को रवाना किया। जत्था उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, अयोध्या और मां विंध्यवासिनी धाम की यात्रा करेगा। कुल 65 श्रद्धालु तीर्थयात्री इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत बच्छई हनुमान मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुई, जहाँ भगवा पताका लहराई





गई, पुष्पवर्षा की गई और गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं को उत्साहपूर्वक विदाई दी गई। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने सभी तीर्थयात्रियों का आशीर्वाद लिया और उनके मनोबल को बढ़ाया। उन्होंने यात्रा के महत्व और इससे जुड़ी धार्मिक महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। वहीं विधायक मनोज यादव ने कहा कि पूरे भारत में केवल हजारीबाग से ही यह अनूठी तीर्थयात्रा निकाली जा रही है, जिसमें गरीब और वंचित वर्ग के लोग तीर्थ का लाभ ले रहे है।

मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साव, राजदेव यादव, रामस्वरुप पासवान, जुगनू सिंह, अनिल मिश्रा, गुरुदेव गुप्ता, विकास यादव, जन्मजेय सिंह, रंजीत चनद्रवंशी, श्यामलाल साव, बिनोद साव, सुनील सिंह, विराज रविदास, सुधीर कौशल, गजाधर प्रसाद, कपिलदेव यादव, इंद्रदेव दाँगी, मुखिया जानकी यादव, संतोष सिंह, प्रवीण सिंह, प्रतिनिधि मोहन साव,समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, समाजसेवी विवेकानन्द विवेक, संजय गुप्ता, आदित्य साव, मनोज मिश्रा, बंटी साव, सकलदेव यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 5 सितम्बर को मिलादुन्नबी कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**बरहरवा।** आगामी 5 सितंबर को संभावित मिलादुन्नबी को लेकर रविवार को दरगाडंगा मजार में कमेटी के अध्यक्ष मो.मसउद आलम की अध्यक्षता में बैठक हुई।इस बैठक में मिलादुन्नबी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारियों पर चर्चा की गई।इस दौरान प्राणपुर,पलाशग ाछी,अमानत, पियारपुर, बेगमगंज, कटहलबाड़ी, मसना, केलाबाड़ी, इंग्लिश व जंगलपाड़ा सहित कई अन्य जगहों से निकलने वाली जुलूस का मार्ग, पेयजल की व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, साफ़-सफाई की व्यवस्था व शांति बनाए रखने के उपाय सहित कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।5 सितम्बर के दोपहर 3:30 बजे आख़री दुआ के साथ जुलूस-ए- मुहम्मदी की समापन होगी। मौके पर मजार कमिटी के सचिव सफीकुल आलम, मौलाना अब्दुल खालिक,मौलाना फारुख शम्सी, हाफ़िज़ सईद,झामुमो नेता केताबुद्दीन शेख़, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य एखलाकुर रहमान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अयुब अली उर्फ बबुआ, नेहरूल इस्लाम, अब्दुल शेख़,साबीर आलम, व इलियास शेख़ आदि थे।

## पंडरिया में पेयजल की भारी किल्लत, जलमीनार बना शोभा की वस्तु

न्यूज धमाका।

**टाटीझरिया(हजारीबाग) ।** प्रधानमंत्री का हर घर नल योजना को ग्रहण लगते दिख रहा है। प्रखंड क्षेत्र में कई जलमीनार पानी छिड़ने लगा है,कई स्थानों पर लिंकेज की समस्या है ,तो कई स्थान पर अब तक न तो टंकी ,न ही मोटर लगाया गया है। ऐसा ही एक डूमर पंचायत के पंडरिया आदिवासी टोला में देखने को मिला। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि दो साल से इसी तरह से यह खड़ा है। पप्पू कुमार मंडल ने बताया कि ठेकेदार का आदमी यहां टावर खड़ा कर गया है,तब से अब तक आया नहीं है। यहां के लोगों को पीने की पानी का किल्लत है। स्थानीय लिलमणि देवी,शंभुलाल मांझी,तुलसी बेसरा,रामलाल बेसरा,फागू बेसरा ने इसे तुरंत ठीक करने की मांग किया है।



## डी.बी. कॉलेज, जयनगर में स्नातक एमएलसी सर्वेश कुमार का भव्य स्वागत, महाविद्यालय विकास को लेकर ABVP ने सौंपी मांग पत्र

न्यूज धमाका।

डी.बी. कॉलेज, जयनगर में आज स्नातक क्षेत्र के बिहार विधान परिषद सदस्य श्री सर्वेश कुमार का छात्र संघ अध्यक्ष ऋषि कुमार और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज इकाई की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की आधारभूत एवं शैक्षणिक स्थिति में सुधार हेतु एक विस्तृत मांग पत्र उन्हें सौंपा गया।मांग पत्र में प्रमुख रूप से कॉमन रूम निर्माण, डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना, साइंस डिपार्टमेंट का मरम्मतीकरण एवं



विस्तार, नए पाठ्यक्रम (इ.ए., स्नातकोत्तर एवं मार्केटिंग ऑनर्स) की शुरुआत, होम साइंस विभाग में शिक्षक नियुक्ति तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय से आवश्यक मान्यता प्राप्त करने की मांग शामिल थी।ABVP कॉलेज इकाई ने मांग पत्र में विशेष रूप से साइंस डिपार्टमेंट के अधूरे भवन की छत ढलाई पूरी करने, रंग-रोगन एवं गैलरी को डिजिटल सुविधाओं से युक्त सभाकक्ष में परिवर्तित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर छात्र संघ अध्यक्ष ऋषि कुमार ने कहा डी.बी. कॉलेज, जयनगर सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्र के हजारों छात्रों की उच्च शिक्षा का मुख्य आधार है, लेकिन संसाधनों की कमी और उपेक्षा के कारण छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हम चाहते हैं कि इस महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं, नए पाठ्यक्रमों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था हो ताकि यहां के विद्यार्थी भी बड़े शहरों के छात्रों की तरह अवसर पा सकें।कार्यक्रम में कई छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय शिक्षाविद उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में महाविद्यालय विकास की आवश्यकता पर जोर दिया।मौके पर उपस्थित महाविद्यालय कर्मचारी आलोक झा, कृष्ण नंद, विवेक पूर्वे, केशव झा, मुरली, दीपक, रुपण, सोनू भंडारी, इरफान एवं अन्य

## काव्य-समीक्षा : डॉ. यल. कोमुरा रेड्डी

**काव्य लेखन : कवयित्री डॉ. पल्लवी सिंह 'अनुमेहा'।** 'अजल ढूंढ रही हूँ मैं' शीर्षक की यह कविता कवयित्री के गहन आत्म-संघर्ष और अस्तित्व के सवालों को बयां करती है। यह कविता दिखाती है कि मनुष्य अपनी जिंदगी में क्या-क्या ढूंढता है।



» आशा और निराशा का द्वंद्व :

कविता की शुरुआत आशा के साथ होती है, ₹है तमस प्रचुर पर चल रही हूँ मैं₹, जो कवयित्री के संघर्षशील स्वभाव को दर्शाती है। फिर, वे कई विरोधाभासी बातें कहती हैं, जैसे कि ₹किसी को हाथ थामने न दिया फिर क्यूँ कंधा ढूंढ रही हूँ मैं₹, जो उनके मन के भीतर के द्वंद्व को दिखाता है।

» अस्तित्व की खोज :

इस कविता की मुख्य बात यह है कि कवयित्री अपनी पहचान और अपनी मंजिल को ढूंढने की कोशिश कर रही हैं। वे अपनी ही परछाई के साथ नहीं हैं, फिर भी एक साथी की तलाश में हैं।

दार्शनिक गहराई: कविता में दार्शनिक भाव भी है, जब वे कहती हैं ₹स्वयं ही नही जानती जाने क्या ढूंढ रही हूँ मैं₹। यह मनुष्य के जीवन की अनिश्चितता और उसके अंतहीन खोज को दिखाता है।

कविता में ₹चार दिन की नन्हीं-सी ज़िन्दगी है 'मेहा' और स्वयं के लिए अजल ढूंढ रही हूँ मैं₹ यह पंक्ति जीवन की नश्वरता को दर्शाती है। ₹अजल₹ का अर्थ है वह जो कभी खत्म न हो, यानी अमरता। कवयित्री यह जानती हैं कि जीवन छोटा है, फिर भी वे कुछ ऐसा ढूंढ रही हैं जो हमेशा के लिए हो।

यह कविता, एक गहरे भावनात्मक और दार्शनिक अनुभव को प्रस्तुत करती है।

## केवल क्षमा नहीं पर्याप्त

---------------

केवल क्षमा नहीं पर्याप्त
हल्के में लेते इसे राहुल,
दंड चाहिए कुछ कठोर
समझेंगे मनबढ़ु राहुल।

कर रहे एक घिनौना काम
संवैधानिक संस्था को बदनाम,
पड़ता लोकतंत्र पर दुष्प्रभाव
नहीं समझ रहा विपक्ष तमाम।

एउ का जल्वा विश्व विख्यात
उस पर करना अकारण अघात,
मोदी विरोध में पगलाकर क्यों
मचा रहे नित नैरेटिव उत्पात?

सब मिलकर बचाएँ इसकी साख,
एउ एक निष्पक्ष महत्वपूर्ण संस्था,
बदनाम करने पर तो तुली कांग्रेस
जनता की इसपर अटूट आस्था।

प्रमाणित करते खुद ही राहुल
मतिहीन लोकतंत्र के दुश्मन,
न देशहित से कुछ लेना देना
राजनीतिक मर्यादा का हनन।

**-डॉ0 यमुना तिवारी व्यथित**



देश की खबर मेजर संजय की नजर
राहुल ने पूरे विपक्ष के साथ किया डिनर

डोनाल्ड ट्रंप को यह बहुत खल रहा है
तूफानों में मोदी का दिया कैसे जल रहा है!

भारत पर 50% ट्रंप टैरीफ का ऐलान
21 दिनों के अंदर वापस लेना होगा फरमान

ट्रंप अमेरिका फर्स्ट मोदी कहते नेशन फर्स्ट
ट्रंप को करना होगा भारत के साथ एडजस्ट।

पाक ने ट्रंप के लिए नोबेल पुरस्कार मांगा
शांति पुरस्कार दादागिरी से पायेगा अभागा

मैकडॉनल्ड ट्रंप का टैरिफ नहीं है टॉर्चर
राहुल को कोर्ट ने दिया ज्ञान का वाउचर।

ट्रंप पर आग बबूला हुए ब्राज़ील राष्ट्रपति
एसएआर विवाद फसते जा रहे हैं तेजस्वी

मेजर संजय संग हास्य व्यंगय
टैरिफ नहीं भारत का आर्थिक जंग

## ट्वीटर टॉक



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज रक्षाबंधन सहित अन्य सभी त्योहारों पर 'वोकल फॉर लोकल' के भाव को आत्मसात करते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लें। इससे देश की रक्षा क्षमता सुदृढ़ होगी।

**–मदन दिलावर**



रक्षाबंधन के त्योहारी वातावरण में आज जोधपुर निवास पर पुनः बहनों का सत्कार करने का सौभाग्य मिला। भाजपा महिला मोर्चा की मेरी बहनों ने भी रक्षासूत्र बाँधकर मुझे उपकृत किया। मेरी ये बहनें जनसेवा के मेरे संकल्प को सशक्त बनाती हैं।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**



वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ़-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ़ है – पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें।

**–अशोक गहलोत**

### प्रेरक प्रसंग

## नेकी का फल

एक गांव में नीलू नाम का लड़का रहता था। नीलू गरीब था, लेकिन उसका दिल बड़ा ही उदार था। वह गरीबों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहता था। एक दिन, नीलू ने अपने गांव के एक साधु को देखा जो गहन तपस्या कर रहे थे। नीलू ने साधु के पास जाकर प्रणाम किया और पूछा– बाबा, आप इतनी कठिन तपस्या क्यों कर रहे हैं? साधु ने हंसते हुए कहा बेटा, मैं इस तपस्या से आत्मा को शुद्ध कर रहा हूं और मुक्ति प्राप्त करने का प्रयास कर रहा हूँ। नीलू ने सोचा– बाबा तो इतनी तपस्या कर रहे हैं, मुझे भी कुछ करना चाहिए। उसने तय किया कि वह भी तपस्या करेगा। नीलू ने अपने गांव के पास एक पुराना वृक्ष देखा, जिस पर कुछ बर्फबारी के कारण पौधे सूख गए थे। उसने वहां जाकर उसे पानी देना शुरू किया। हर दिन, वह उस वृक्ष के पास जाकर पानी देता और उसका ध्यान रखता। कुछ महीनों बाद, वृक्ष में फिर से हरी–भरी पत्तियां उगना शुरू हो गईं। नीलू का दिल खुशी से भर गया। एक दिन, जब वह साधु के पास गया और उसने अपनी कठिन तपस्या के बारे में बताया तो साधु ने उसके प्रयास को सराहा। उन्होंने नीलू को सिखाया कि हर कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और नेकी का फल हमें कभी न कभी जरूर मिलता है।

### सामयिक

# पुस्तकालयों को उन्नत बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग



जीवन विकास का मुख्य आधार शिक्षा और उस शिक्षा की मुख्य आधारशिला पुस्तकालय होते है, शिक्षा को सक्षम बनाने में विकसित पुस्तकालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। विश्वभर में पुस्तकालयों ने बेहतर विकास किया है, अब ई–पुस्तकें और सभी प्रकार के ई–साहित्य इंटरनेट के द्वारा हर जगह आसानी से उपलब्ध हो जाते है। डिजिटल व वर्चुअल पुस्तकालयों की मांग लगातार बढ़ रही है। हमारे देश के अनेक उच्च शिक्षा संस्थान, महंगे निजी शिक्षा संस्थान भी पुस्तकालयों को बेहतर ढंग से विकसित कर पाठकों को सर्वश्रेष्ठ सेवा उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। सरकार भी शिक्षा और पुस्तकालयों के विकास के लिए सहायता कर रही है, फिर भी जनसंख्या और आवश्यकतानुरूप उन्नत पुस्तकालयों के मामले में हम काफी पिछड़े हुए है। आज के आधुनिक युग में तकनीकी रूप से बेहद नवीनतम संसाधनों का उपयोग पुस्तकालयों में किया जा रहा है, ताकि पाठकों को बेहतर सुविधाओं का लाभ कम समय में सहज मिल सकें। अभी एआई क्रांति शुरु हुई है, जिसने पुस्तकालयों को भी प्रभावित किया है, अर्थात कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग पुस्तकालयों को उन्नत बनाने में हो रहा है।

देश में पुस्तकालय विज्ञान क्षेत्र के पितामह कहलानेवाले पद्मश्री डॉ. एस आर रंगनाथनजी की जयंती 12 अगस्त को राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाई जाती है। पुस्तकालयों का बेहतर विकास, सेवासुविधा और प्रत्येक पाठक और पुस्तक तक सहज पहुंच पुस्तकालय के न्यायसंगत नीति का निर्धार है। पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथनजी द्वारा दिए गए पुस्तकालय विज्ञान के पाँच नियमों का कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बेहतर ढंग से पालन किया जा सकता है। पुस्तकें उपयोग के लिए होती हैं, प्रत्येक पाठक को उसकी पुस्तक मिलनी चाहिए, प्रत्येक पुस्तक को पाठक मिलना चाहिए, पाठकों का समय बचना चाहिए और पुस्तकालय एक विकासशील संस्था है। ये नियम पुस्तकालयों की सुलभता, उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं और उनके विकासशील स्वरूप के महत्व पर ज़ोर देते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता इन पाँच नियमों का बखूबी पालन कर सकती है।

आज के सूचना युग में हर पल डेटा का ज्ञानरूपी विस्फोट हो रहा है, उस ज्ञान का अत्यल्प समय में योग्य पाठक तक पहुंचना बेहद आवश्यक होता है, इसलिए अब तकनिकी संसाधनों पर निर्भरता बढ़ गयी है। बहुत से क्षेत्रों में अब एआई का उपयोग बेहद प्रभावशाली ढंग से किया जा रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सूचना क्षेत्र में बदलाव ला रही है और पुस्तकालयाध्यक्षों के पारंपरिक कार्य को नया रूप दे रही है। शैक्षणिक और शोध पुस्तकालय अपनी सेवाओं और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को बेहतर बनाने के लिए नई तकनीकों को अपना रहे है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका मुख्य साधन है। पाठकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सक्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनाना होगा। यह उन्नत तकनीक पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए नए मार्ग खोलेगी। नए नवोन्मेषी पदों और भूमिकाओं को संभालने, वर्तमान चुनौतियों का समाधान करने और उन्हें अप्रचलित होने से बचाने में मदद करेगी।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण पाठकों के लिए योग्य पुस्तकें, लेख और अन्य साहित्य सामग्री तेज़ी से ढूँढ़ना आसान बनाते हैं। मशीन लर्निंग के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमताएँ शैक्षणिक पुस्तकालयों में व्यक्तिगत शिक्षण अनुभवों के द्वार खोलती हैं। उपयोगकर्ताओं के व्यवहार और प्राथमिकताओं का विश्लेषण करके, पुस्तकालय व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर सुझाव और संसाधन तैयार कर सकते हैं। एआई साहित्यों के उपयोग पैटर्न का विश्लेषण करके और विशिष्ट संसाधनों की भविष्य की मांग का अनुमान लगाकर संग्रह विकास को अनुकूलित करने में मदद कर सकता है।

अनुक्रमण स्वचालन पाठकों को नई सामग्री खोजने, विशिष्ट और सटीक साहित्य सामग्री उपलब्ध कराकर और विभिन्न विषयों के बीच नेविगेट करने में भी एआई मदद करेगा, जो मैन्युअल अनुक्रमण के साथ आसानी से संभव नहीं है, जिससे पाठकों और कर्मचारियों का समय बचेगा। किसी एक विषय पर दस्तावेज़ों का मिलान करना या समान विषय, समाधान या घटना का वर्णन करने वाले अनुभाग जोड़ना संभव है। विषय से प्रासंगिक रूप से संबंधित हज़ारों दस्तावेजों की सामग्री की तुलना कर सकते हैं। दुनियाभर में इंटरनेट पर उपलब्ध साहित्यों में से एआई विषय अनुसार दस्तावेज को खोजकर उसका अध्ययन करके उसका डाटा पाठकों को जल्द प्रदान करता है। शोधपत्रों के वास्तविक पाठ पर आधारित एआई एल्गोरिदम वास्तविक शोध की बेहतर मानचित्रण प्रणालियाँ तैयार करेगा, जिससे शोधकर्ताओं के लिए यह सहायक साबित होंगे। किसी भी पुस्तक या लेखों का सारांशीकरण एआई की मदद से करना बेहद आसान प्रक्रिया है, बड़े–बड़े डेटा को यह छोटे–छोटे पैराग्राफ में उपलब्ध कर देता है।

एआई साधन नई पुस्तक, पत्रिका या अन्य साहित्य प्रकाशित होने पर अलर्ट साथ ही पाठकों को विशिष्ट पुस्तकालय संसाधनों तक निर्देशित कर सकते हैं। बार–बार दोहराए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देने की झंझट खत्म होगी, दुहराव रुकेगा, समय की बचत होगी। पुस्तकालय के काम में गुणवत्ता बढ़ेंगी। शोध का सत्यापन या पुन: प्रयोज्यता उसके पाठकों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ठोस और मान्य शोध ही है जो व्यापक पाठकों का हकदार है। पुस्तकालय प्रक्रियाओं और डिजिटल संसाधनों में मशीन लर्निंग को लागू करने से संग्रह विश्लेषण, विज़ुअलाइज़ेशन और संरक्षण को अनुकूलित किया जा सकता है और सेवाओं के प्रावधान से जुड़ी लागतों को कम किया जा सकता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण उन्नत खोज क्षमताएँ प्रदान करके, प्रासंगिक संसाधनों की अनुशंसा कर डेटा विश्लेषण में सहायता द्वारा छात्रों और शोधकर्ताओं की मदद होती है। पुस्तकालयों में वर्चुअल असिस्टेंट और चैटबॉट का उपयोग काफी सामान्य हो गया है, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर मार्गदर्शन होता है, इससे संबंधित कर्मचारियों का काम आसान हो गया है।

एआई पुस्तकालय सेवाओं को बढ़ा सकता है और सतर्कता में सुधार कर सकता है, लेकिन यह एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रह, डेटा सुरक्षा, कॉपीराइट संबंधी चिंताएँ और मानवीय संपर्क के संभावित विस्थापन के बारे में चिंताएं भी पैदा करता है। एआई से कोई भी तथ्य प्राप्त कर सकता है, लेकिन यह समझना कि उन तथ्यों का क्या अर्थ है, वे कैसे जुड़ते हैं, और क्या वे विश्वसनीय हैं, यहीं पर मानवीय विशेषज्ञता अमूल्य हो जाती है। एआई–संचालित स्वचालन पुस्तकालय कर्मचारियों और पाठकों के बीच मानवीय संपर्क को कम कर सकता है, जिससे पुस्तकालयों द्वारा उपयोग किए जाने वाले व्यक्तिगत समर्थन और मार्गदर्शन पर संभावित रूप से असर पड़ सकता है। एआई का उपयोग गलत सूचना उत्पन्न करने और झूठ फैलाने के लिए भी होने की संभावना है, जिससे सूचना के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में पुस्तकालय की भूमिका को चुनौती मिल सकती है। विश्व में मोबाइल और कंप्यूटर क्रांति मनुष्य के विकास के लिए हुई, लेकिन इस तकनीक के नुकसान भी देखने मिल रहे है। आज साइबर क्राइम, सोशल मीडिया एडिक्शन, ऑनलाइन फेक पहचान, पैसे लगाकर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स, असहज करने वाले भड़काऊ विज्ञापन, ई–अपशिस्ट, रेडिएशन इससे हर साल अरबों डॉलर का नुकसान होता है, साथ ही बड़ी मात्रा में जानमाल, अमूल्य स्वास्थ्य व पर्यावरण की हानि होती है। इसी तरह कृत्रिम बुद्धिमत्ता से भविष्य में होनेवाले दुरूपयोग या संकटों को भी नकारा नहीं जा सकता।

एआई इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी में से ही सूचनाओं को आवश्यकतानुसार छानकर प्रस्तुत करता है। पुस्तकालयों को सभी पाठकों के लिए एआई संचालित सेवाओं को सुलभ बनाने का प्रयास करना चाहिए, पुस्तकालयों को पुस्तकालय के मूल्यों के अनुरूप समाधान विकसित और कार्यान्वित करने के लिए पुस्तकालयाध्यक्षों, प्रौद्योगिकीविदों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अपनाते हुए, पुस्तकालयों को अपनी सेवाओं के मानवीय पहलू को बनाए रखने और बढ़ाने का भी प्रयास करना चाहिए। हालाँकि एआई पुस्तकालयों के लिए कई लाभ प्रदान करता है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए संभावित खतरों और चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है। भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का असर बेहद तेजी से मानवीय विकास में होगा यही मानकर हम इसका सदुपयोग करेंगे और पुस्तकालय उन्नत बनाने में इसका योगदान अमूल्य साबित हो सकता है, केवल हमें इसके उपयोग में पारंगत, सतर्क और जागरूक होना जरुरी है।

### नजरिया



**ऑस्ट्रिया के वियना में कबूतरों को दाना डालने पर 36 यूरो जुर्माना लगता है। स्पेन के कई शहरों में ओविस्टोप नामक ड्रग का प्रयोग इनके दाने में मिलाकर किया जाता है जो एक प्रकार का गर्भ निरोधक है। सैन फ्रांसिस्को के अलावा लन्दन के मशहूर ट्राफलगर स्क्वायर पर कबूतरों को दाना डालने पर प्रतिबन्ध है। इटली के वेनिस शहर में सेंट मार्क स्क्वायर पर दाना बेचने वालों पर कठोर जुर्माने का प्रावधान है।**

# जैव विविधता और इंसान की सांसों में ज़हर घोल रहे कबूतर

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में गत सप्ताह पुलिस में एक अनूठा मामला दर्ज किया गया है जो संभवत: देश का पहला ऐसा मामला होगा। मुंबई में एक व्यक्ति के विरुद्ध कबूतरों को दाना डालने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई और 142 लोगों पर 68,700 रुपए का जुर्माना लगाया गया। मामला बृहतमुम्बई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) से लेकर उच्च न्यायालय तक पहुंच कर देश भर में चर्चित हो गया। बीएमसी ने कबूतरों को मानव–स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताते हुए शहर के कबूतरखानों को बंद करने और खुले चौक वाले स्थानों पर तिरपाल लगाने के आदेश दिए हैं। इससे देश के पक्षी प्रेमियों, धार्मिक–सामाजिक संगठनों में इस बात को लेकर रोष और विरोध शुरू हो गया है। इसके साथ ही जीवविज्ञानियों और चिकित्सकों में कबूतरों को लेकर बहस छिड़ गई है कि क्या कबूतर जैसा सौम्य, शांत जैसा दिखने वाला पक्षी भी मनुष्य के लिए घातक हो सकता है ? ज़वाब है हाँ, कबूतर न केवल मानव –स्वास्थ्य बल्कि पारिस्थितिकी और जैव विविधता के लिए भी घातक साबित हो रहा है।

पिछले कुछ दशकों में कबूतरों की अनियंत्रित बढ़ती आबादी चिंता का विषय बन गई है। इससे न केवल अन्य छोटे पक्षियों की संख्या पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है बल्कि स्थानीय जैव विविधता में भी भारी अंतर आ रहा है। कबूतर कई प्रकार के वायरस का भी संवहन करते हैं जो अस्थमा व साँस की बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिए काफी ख़तरनाक, ज़हरीले साबित हो रहे हैं। एक मादा कबूतर वर्ष भर में 48 बच्चों को जन्म दे सकती है और एक कबूतर एक वर्ष में औसतन 12 किलोग्राम बीट उत्सर्जित करता है जो अत्यधिक अम्लीय तथा ज़हरीली होती है। सूखने के बाद यह हवा में धूल के साथ मिलकर आसानी से प्रसारित होती है। भारत के हर गांव,कस्बे,शहर में अनेक जगहों पर रोजाना खूब दाना डाला जाता है। अब यह परंपरा घातक हो सकती है।

अमेरिका के जैव विज्ञानी और पक्षी विशेषज्ञ रॉबर्ट ए. पियर्स की शोध रिपोर्ट है कि कबूतरों के पंखों की फड़फड़ाहट व इनकी बीट में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवाणु और कीटाणु, कवक, खांसी, जुकाम, अस्थमा और फेफड़ों में संक्रमण सहित अनेक बीमारियों के कारण बन सकते हैं। शोध में कबूतर के बीट व पंखों में 20 से अधिक पैथोजेनिक बैक्टीरिया और फंगस पाए गए। कबूतरों की बीट लंबे समय तक जमा रहने दी जाए, तो हिस्टोप्लास्मोसिस रोग उत्पन्न कर सकती है, जो मानव श्वसन तंत्र को गम्भीर रूप से प्रभावित करता है।

कबूतर प्रत्यक्ष रूप से स्वयं ही बीमारी नहीं फैलाते बल्कि वे अन्य पक्षियों में बीमारी के बैक्टीरिया संचारित कर उनके माध्यम से भी इंसानों में प्रसारित करते हैं। मसलन, एक बीमारी है– सिटाकोसिस। यह रोग कबूतरों से विभिन्न पक्षियों की कई अलग–अलग प्रजातियों को प्रभावित कर सकता है। संचरण करते करते संक्रमित पक्षी श्वसन स्रावों और मल के माध्यम से बैक्टीरिया छोड़ते हैं। जब ये स्राव और मल सूख जाते हैं, तो धूल बनकर हवा में फैल जाती है और साँस के ज़रिए मानव श्वसन तंत्र में प्रवेश कर जाती है। यह श्वसन रोग पक्षियों द्वारा छोड़े गए क्लैमाइडिया सिटासी बैक्टीरिया से होता है। इसे 'तोता बुखार' भी कहा जाता है। पिछले 7–8 वर्षों में ऐसी बीमारियों के मामले पांच गुना बढ़ चुके हैं। पक्षियों के अलावा कबूतरों के बाहरी परजीवियों में घुन, पिस्सू, किलनी और कीड़े शामिल हैं जो परोक्ष रूप में घातक बीमारियों के संचरण में सहायक बनते हैं। जीव–पक्षियों,खेतों के लिए भी ख़तरनाक मानव–स्वास्थ्य के अलावा कबूतर पारिस्थितिकी और जैव विविधता के लिए ख़तरनाक साबित हो रहे हैं। कबूतर बड़ी मात्रा में बीज और अन्य खाद्य संसाधनों का उपभोग करते हैं, जो अन्य पक्षियों और छोटे जीवों के लिए भोजन की कमी का कारण बनता है। वे घोंसले बनाने की जगह के लिए भी अन्य स्थानीय पक्षियों (जैसे गौरैया, मैना आदि) के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं और छोटे पक्षियों जैसे गोरैया, तोते व अन्य पक्षियों का भोजन भी चट कर जाते हैं; जिससे इन अन्य पक्षियों की संख्या में बेहद कमी आई है, छोटी चिड़िया ( गौरेया), जो कीटों का भक्षण करके कृषि में सहायक होती थी, आज विलुप्त प्राय: है तथा कबूतरों के बचे दाने से आकर्षित होकर चूहों की संख्या में वृद्धि भी कृषि के लिए हानिकारक साबित हो रही है। जलाशयों के निकट इनकी उपस्थिति, पंखों से गंदगी, बीट निष्कासन छोटी मछलियों व अन्य जलीय जीवों के लिए भी ज़हरीली साबित होती है। उनकी अम्लीय बीट मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित लेती है। यह पौधों की वृद्धि को भी नुकसान पहुंचाती है।

यह समस्या भारत की ही नहीं, पूरे विश्व की है। ऑस्ट्रिया के वियना में कबूतरों को दाना डालने पर 36 यूरो जुर्माना लगता है। स्पेन के कई शहरों में ओविस्टोप नामक ड्रग का प्रयोग इनके दाने में मिलाकर किया जाता है जो एक प्रकार का गर्भ निरोधक है। सैन फ्रांसिस्को के अलावा लन्दन के मशहूर ट्राफलगर स्क्वायर पर कबूतरों को दाना डालने पर प्रतिबन्ध है। इटली के वेनिस शहर में सेंट मार्क स्क्वायर पर दाना बेचने वालों पर कठोर जुर्माने का प्रावधान है। ऑस्ट्रेलिया, अमरीका, न्यूजीलैंड, कनाडा, जर्मनी जैसे देशों के महानगरों में इन्हें पालना प्रतिबंधित है। भारत में भी इस प्रकार के नियमों की सख्त आवश्यकता है ताकि समय रहते घातक बीमारियों तथा अन्य पक्षियों की संख्या में आ रही गिरावट को रोककर जैव विविधता का संतुलन बनाया जा सके।

Editor/ proprietor - Raghubansh mani singh, Office Addresh-G4/9, New cable town Golmuri Jamshedpur Pin cod 81003 Purvi Singhbhum, Jharkhand, RNI(Title applied)
E-Paper for News portal www.newsdhamaka.com. All rights reserved by Editor Raghubansh Mani Singh. Any legal dispute will be filed at East Singhbhum juridiction only.

# बेंगलुरु में 80 हजार दर्शकों की क्षमता वाला नया स्टेडियम बनेगा : सिद्धारमैया

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि बेंगलुरु में नया क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। इस स्टेडियम की क्षमता 80 हजार दर्शकों होगी और ये अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। हाल में चिन्नास्वामी स्टेडिमय में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के बाद हुए समारोह में जगह कम होने के बाद हुए हादसे के बाद नये स्टेडियम को बनाने की मांग उठी थी। जिससे सबक लेते हुए सिद्धारमैया ने नया स्टेडयम बनाने की घोषणा कर दी। इस स्टेडियम को बनाने के लिए कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड की सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। इसमें 1650 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है।



ये स्टेडियम 100 एकड़ में बनाया जाएगा और इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें केवल क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हॉस्टल, होटल और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हॉल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई की नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जैसा ही होगा।

वहीं आरसीबी के समारोह में हुए हादसे की जांच कर रहे जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग ने कहा था कि 32,000 दर्शकों की क्षमता वाले एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़े आयोजन करना सही नहीं है। ऐसे में अधिक क्षमता वाले स्टेडियम की जरुरत है। जिसमें बेहतर सुविधाएं हों और किसी भी प्रकार का जोखितम भी न रहे।

# रोहित और विराट के लिए अंतिम हो सकता है ऑस्ट्रेलिया दौरा

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली के लिए अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज अंतिम सीरीज हो सकती है। ऐसे में दोने का 2027 एकदिवसीय विश्व कप खेलने का सपना टूटना तय है। इसका कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से मिले संकेत बताये जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इन दोनो को ही बता दिया गया है कि इनके पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में संन्यास की घोषणा का अवसर है। इस दोनो को ही इस माह के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलने थी



पर ये दौरा रद्द हो गया। ऐसे में अब इनके लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा ही बचा है। इस दौरे में भारतीय टीम तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। टीम प्रबंधन की 2027 विश्वकप की योजनाओं में ये दोनो शामिल नहीं हैं। वहीं बीसीसीआई की शर्त के अनुसार अगर विराट और रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भी एकदिवसीय टीम में बने रहना चाहते हैं तो अक्तूबर के बाद खेली जाने वाले लिस्ट ए टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में इन्हें भाग लेना होगा। अगर ये ऐसा नहीं करते तो इनके लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा अंतिम होगा। टीम प्रबंधन का मानना है कि अक्टूबर-नवंबर में 2027 में एकदिवसीय विश्व कप खेला जाएगा और उस समय तक रोहित और विराट की उम्र करीब 40 साल की हो जाएगी। ऐसे में इनकी जगह युवा क्रिकेटरों को जगह देना अधिक लाभप्रद रहेगा। विराट ने चार जबकि रोहित ने खेले तीन विश्वकप खेले हैं।

**भारत-ऑस्ट्रेलिया का एकदिवसीय कार्यक्रम**

पहला एकदिवसीय, पर्थ, 19 अक्टूबर

दूसरा एकदिवसीय, एडिलेड, 23 अक्टूबर

तीसरा एकदिवसीय, सिडनी, 25 अक्टूबर।

## जीईएम ने वित्त वर्ष 2024-25 में 5.4 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन दर्ज किया

**नई दिल्ली।** सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने अपना 9वां स्थापना दिवस मनाया। जीईएम ने वित्त वर्ष 2024-25 में सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में 5.4 लाख करोड़ रुपये मूल्य के लेन-देन दर्ज किए हैं। पिछले 9 वर्षों में जीईएम ने उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं, जिसमें स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), कारीगरों और सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के साथ 1.5 लाख महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को शामिल करना शामिल है। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मिहिर कुमार ने बताया कि पारदर्शी, समावेशी और कुशल सार्वजनिक खरीद को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2016 में शुरू किया गया यह प्लेटफॉर्म अब एक डिजिटल खरीद प्रणाली के रूप में विकसित हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रमुख सुधारों में विक्रेताओं के लिए काशन मनी की समाप्ति, वेंडर असेसमेंट शुल्क का तर्कसंगत किया जाना और ट्रांजेक्शन चार्जेज में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे 97 फीसदी तक के आर्डर शुल्क-मुक्त हुए हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार ने कहा कि जेम भारत की खरीद व्यवस्था की रीढ़ बन गया है, जो पारदर्शिता को रूपांतरण से जोड़ता है। यह 9वां स्थापना दिवस केवल आंकड़ों का उत्सव नहीं है, बल्कि उन लोगों का सम्मान है जो शासन को अधिक सुलभ, समावेशी और प्रभावी बनाते हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल भारत की ओर बढ़ते हुए जीईएम उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

## बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को लगी 4.78 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ को लेकर बनी चिंता, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने कई बार लिवाली का जोर बना कर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि ये दोनों सूचकांक कभी भी कमजोरी से उबार नहीं सके। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्सों में गिरावट दर्ज की गई। बैंकिंग, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## स्टेट बैंक का पहली तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12 फीसदी बढ़कर 19,160 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 जून को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का मुनाफा 12 फीसदी बढ़कर 19,160 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा था। स्टेट बैंक ने शेयर बाजार को जानकारी दी कि अप्रैल-जून की तिमाही में उसकी कुल आय भी बढ़कर 1,35,342 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,22,688 करोड़ रुपये थी। बैंक की अर्जित ब्याज आय बढ़कर 1,17,996 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,11,526 करोड़ रुपये थी। बैंक के मुताबिक परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 26,449 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,544 करोड़ रुपये हो गया। इसके साथ ही जून तिमाही के अंत में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर 1.83 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 2.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार शुद्ध एनपीए यानी खराब ऋण भी सालाना आधार पर 0.57 फीसदी से घटकर 0.47 प्रतिशत रह गया है।

## व्यापार कूटनीति, नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती: जयंत चौधरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है और व्यापार कूटनीति, नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती है। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने यहां फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 16वें वैश्विक कौशल शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय उद्योग द्वारा दिए गए मजबूत समर्थन और एकजुटता के प्रति संवेदनशील है। जयंत चौधरी ने कहा, वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर प्रतीत होती है। निश्चित रूप से हमें उद्योग जगत से पूर्ण समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रकार की बातचीत है, आप इसे एक प्रकार की लड़ाई कह सकते हैं, जिसमें भारत सरकार वर्तमान में लगी हुई है, लेकिन हमने निर्णय लिया है कि व्यापार कूटनीति नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती।

# प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम ने कमाए 34.13 करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात से न केवल लोग प्रेरित हो रहे हैं बल्कि आकाशवाणी के राजस्व में भी वृद्धि हुई है। यह जानकारी सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने राज्यसभा में दी। एक प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' ने 34.13 करोड़ रुपये कमाए हैं। उल्लेखनीय है कि देशभर में हो रहे सकारात्मक बदलावों को प्रदर्शित करने और नागरिकों को भारत के विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने लिए प्रधानमंत्री मोदी प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली कार्य कर रहे भारतीयों




की प्रेरणादायक कहानियां साझा करते हैं। वे युवाओं, किसानों, महिलाओं, कारीगरों, उद्यमियों, खिलाड़ियों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित जमीनी पहल और सामुदायिक प्रयासों को उजागर करते हैं। ये कहानियां अक्सर देश के दूरस्थ और विविध क्षेत्रों से आती हैं, जो राष्ट्र की समृद्ध और समावेशी भावना को दर्शाती हैं। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी द्वारा अपने मौजूदा संसाधनों का उपयोग करते हुए तैयार किया जाता है, जिससे अतिरिक्त खर्च नहीं होता। केन्द्रीय सूचना प्रसारण राज्य मंत्री के अनुसार मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण का एक सॉफ्ट टूल बन गया है, जो भारत की विविधता, दृढ़ता और सामाजिक प्रतिबद्धता का जश्न मनाने वाली कहानियों के माध्यम से जनचर्चा को आकार देता है। दर्शकों की भागीदारी कार्यक्रम को एक बड़ा वर्ग आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) पर सुनता है, जो इसे अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय नेटवर्क पर सीधा प्रसारित करता है। क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाता है ताकि स्थानीय दर्शकों तक पहुंचा जा सके। इसे दूरदर्शन के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय भाषा चैनलों पर भी दिखाया जाता है। डीडी फ्री डिश के माध्यम से 48 आकाशवाणी रेडियो चैनल और 92 निजी टीवी चैनल उपलब्ध हैं, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पहुंच होती है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, यूट्यूब चैनलों (पीएमओ इंडिया, एआईआर आदि) पर लाइव-स्ट्रीम और आर्काइव किया जाता है।प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म वेव्स और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप (260+ आकाशवाणी चैनल) पर उपलब्ध है। भारती की न्यूज़ फ़ीड सेवा पीबी शबद पर भी उपलब्ध कराया जाता है ताकि संबद्ध प्लेटफ़ॉर्म्स पर इसका व्यापक प्रसार हो सके। फेसबुक, ट्विटर, एक्स, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर भारत और विदेश के दर्शकों द्वारा भी देखा और सुना जाता है।

## केंद्र ने नए आवेदन आमंत्रित करने के लिए कपड़ा पीएलआई योजना पोर्टल फिर से खोला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत नए आवेदन आमंत्रित करने के लिए पोर्टल फिर से खोल दिया है। ये आवेदन पोर्टल 31 अगस्त तक खुला रहेगा। कपड़ा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि मंत्रालय ने वस्त्र उद्योग के हितधारकों के अनुरोधों को देखते हुए एमएमएफ परिधान, एमएमएफ फैब्रिक और तकनीकी वस्त्र उत्पादों के लिए वस्त्र उद्योग की पीएलआई योजना के तहत इच्छुक कंपनियों से नए आवेदन आमंत्रित करने हेतु उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पोर्टल को फिर से खोलने का निर्णय लिया है। यह पोर्टल 31 अगस्त 2025 तक खुला रहेगा।मंत्रालय के मुताबिक उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से संबंधित दिशा-निर्देशों और आधिकारिक अधिसूचनाओं के माध्यम से पूर्व में अधिसूचित सभी नियम और शर्तें, यथा आवश्यक बदलाव सहित नए आवेदनों पर लागू




रहेंगी। मंत्रालय सभी इच्छुक कंपनियों से इस अवसर का लाभ उठाने के लिए और निर्धारित अवधि के भीतर अपने आवेदन जमा करने का आग्रह करता है। कपड़ा मंत्रालय ने कहा कि विस्तृत दिशा-निर्देशों और आवेदन प्रक्रियाओं के लिए आवेदकों को वस्त्र पीएलआई योजना के आधिकारिक पोर्टल https://pli.te&min.gov.in/ या मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट https://te&min.nic.in/ पर जाने की सलाह दी जाती है।

## सरकार ने आयकर विधेयक 2025 वापस लिया, 11 अगस्त को पेश होगा नया विधेयक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने आयकर विधेयक, 2025 को लोकसभा से औपचारिक रूप से आज वापस ले लिया तथा इसके स्थान पर सोमवार को संसद में नया आयकर विधेयक पेश किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए इस साल 13 फरवरी को संसद में पेश आयकर विधेयक को बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति को विचारार्थ भेजा गया था। प्रवर समिति ने इस विधेयक को लेकर कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। सरकार ने प्रवर समिति की अधिकांश सिफारिशों को विधेयक में शामिल करते हुए इसे संशोधित रूप में सोमवार, 11 अगस्त को सदन में पेश करने का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक लोकसभा में 13 फरवरी को पेश किए गए मूल विधेयक का उद्देश्य कानूनी पेचीदगियों को कम करके आयकर अधिनियम, 1961 में आमूलचूल परिवर्तन करना था।



लेकिन, समिति की समीक्षा के बाद कई संशोधनों के कारण सरकार ने भ्रम की स्थिति से बचने के लिए पहले मसौदे को वापस लेने और बहस के लिए एक संशोधित एवं समेकित संस्करण प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में प्रवर समिति द्वारा प्रस्तुत आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करना था। नए संस्करण में सरलीकरण का उद्देश्य तो बरकरार रखा गया है, लेकिन इसमें स्पष्टता जोड़ी गई है, ताकि कोई अस्पष्टता न रहे। इसका मुख्य लक्ष्य व्याख्या संबंधी विवादों को कम करना और बिखरे हुए कर प्रावधानों को एक अधिक सुसंगत ढाँचे में समेटना है।

## अमेरिका समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा भारतः गोयल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अमेरिका सहित कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार के मोर्चे पर कई देश भारत के साथ जुड़ने को इच्छुक हैं। पीयूष गोयल ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत अमेरिका सहित कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कई देश व्यापार के मोर्चे पर नई दिल्ली के साथ जुड़ने के इच्छुक हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा, 'आज पूरी दुनिया भारत की ताकत और हमारी विशाल आबादी को पहचानती है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोग मिलकर एक बहुत बड़ी मांग के साथ एक विशाल घरेलू बाजार बनाते हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम कई देशों, ओमान, यूरोपीय संघ, चिली, अमेरिका, पेरू,



न्यूज़ीलैंड के साथ बातचीत कर रहे हैं। कई अन्य देश भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं। गोयल ने कहा कि अगले दौर की वार्ता के लिए एक अमेरिकी दल 25 अगस्त से भारत आने वाला है। उन्होंने भरोसा जताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का निर्यात पिछले वित्त वर्ष के आंकड़ों से अधिक होगा। गोयल ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 825 अरब यूएस डॉलर तक पहुंच गया है।

# केंद्र ने असम और त्रिपुरा में कमजोर वर्गों के विकास के लिए 4,250 करोड़ रुपए के पैकेज को दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम और त्रिपुरा के लिए मौजूदा विशेष विकास पैकेज (एसडीपी) योजना के अंतर्गत 4,250 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ चार नए घटकों को अनुमति दी है। इसमें पहला घटक, भारत सरकार और असम सरकार द्वारा असम के जनजातीय समूहों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओएस) के अनुसार, राज्य के जनजाति बहुल गांवों/क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 500 करोड़ रुपए और दूसरा घटक असम के दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी (डीएनएलए)/दिमासा पीपुल्स सुप्रीम काउंसिल (डीपीएससी) समूहों के साथ समझौता ज्ञापन के अनुसार, राज्य के दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी/दिमासा पीपुल्स सुप्रीम काउंसिल के बसे हुए गावों/क्षेत्रों के उत्तरी कैचर हिल्स स्वायत्त परिषद



(एनसीएचएसी) क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 500 करोड़ रुपए का है। तीसरे घटक में भारत सरकार और असम सरकार द्वारा असम के उल्फा समूहों के साथ समझौता ज्ञापन के अनुसार, राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 3,000 करोड़ रुपए और चौथ घटक में भारत सरकार और त्रिपुरा सरकार द्वारा त्रिपुरा के नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) समूहों के साथ समझौता ज्ञापन के अनुसार, त्रिपुरा के जनजातियों के विकास के लिए 250 करोड़ रुपए रखे गए है। प्रस्तावित चार नए घटकों का कुल परिव्यय 7,250 करोड़ रुपए होगा, जिसमें से 4,250 करोड़ रुपए असम (4000 करोड़ रुपए) और त्रिपुरा (250 करोड़ रुपए) के लिए विशेष विकास पैकेजों की मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाएंगे और शेष 3,000 करोड़ रुपए असम राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से प्रदान किए जाएंगे। इन पैकेजों माध्यम से, असम के जनजाति और दिमासा समुदायों, असम के विभिन्न अन्य जिलों में रहने वाले लोगों और त्रिपुरा के जनजाति समुदायों के लाखों लोग लाभान्वित होंगे। यह विशेष विकास पैकेजों की चल रही केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत एक नई पहल है। पिछले समझौता ज्ञापन -आधारित पैकेजों (जैसे, बोडो और कार्बी समूहों के लिए) ने शांति स्थापना और विकास में सकारात्मक परिणाम प्रदर्शित किए हैं।

## जुलाई में खाद्य वस्तुओं की कीमतें काफी हद तक स्थिर, घर की थाली 14 फीसदी सस्ती हुई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान खाद्य वस्तुओं की कीमतें काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही हैं। जुलाई में घर पर बनी थाली की कीमत में 14 फीसदी की कमी आई है, जो खाद्य मुद्रास्फीति में निरंतर कमी को दर्शाती है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से निगरानी और हस्तक्षेप कर रही है। बारिश के कारण दिल्ली में टमाटर की कीमतों में अस्थायी रूप से उछाल आया है, लेकिन अखिल भारतीय औसत कम बना हुआ है। प्याज और आलू के अधिक उत्पादन के साथ ही सरकारी बफर स्टॉक से कीमतों में निरंतर स्थिरता बनी है। उपभोक्ता मंत्रालय ने कहा कि देशभर के विभिन्न केंद्रों पर टमाटर की खुदरा कीमतें किसी बुनियादी मांग-आपूर्ति असंतुलन या उत्पादन में कमी के बजाय अस्थायी स्थानीय कारकों से प्रभावित हैं। मंत्रालय के मुताबिक नई दिल्ली में टमाटर का वर्तमान औसत खुदरा मूल्य 73 रुपये प्रति किलोग्राम है। यह मुख्य रूप से जुलाई के अंतिम सप्ताह से देश के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा का परिणाम है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) 4 अगस्त से आजादपुर मंडी से टमाटर खरीदकर न्यूनतम मार्जिन के साथ उपभोक्ताओं को बेच रहा है। एनसीसीएफ ने खरीद लागत के आधार पर 47 रुपये से 60 रुपये प्रति किलोग्राम तक के खुदरा मूल्य पर 27,307 किलोग्राम टमाटर आज तक बेचे हैं। इसकी खुदरा बिक्री नेहरू प्लेस, उद्योग भवन, पटेल चौक और राजीव चौक पर एनसीसीएफ के स्टेशनरी आउटलेट्स के जरिए की जा रही है। साथ ही शहर भर में विभिन्न स्थानों पर संचालित 6-7 मोबाइल वैन के माध्यम से भी की जा रही है। मौसम संबंधी इस व्यवधान के कारण जुलाई महीने के अंत तक कीमतें 85 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी।



# कठिन चुनौती है वर-वधू का चुनाव

**आधुनिक युग में जिस तेजी से तलाक की घटनाएं बढ़ रही हैं, उन्हें देखते हुए चाहे प्रेम विवाह हो अथवा माता-पिता की सहमति से वर-वधू एक-दूसरे को पसंद कर शादी करें पर इस बात की कोई ग्यारंटी नहीं कि दोनों का वैवाहिक जीवन सफल ही हो। माता-पिता द्वारा वर-वधू को पसंद कर की गई शादी तो अब दूर की बात हो गई है।**

मीता और मोहन दोनों ने प्रेम विवाह किया और विवाह के कुछ समय बाद दोनों में तलाक हो गया। रीता और रमेश दोनों का विवाह माता-पिता ने अपनी पसंद से किया लेकिन उनमें भी नहीं बनी और उनका भी तलाक हो गया। अब प्रश्न उठता है कि वर-वधू का चुनाव किस तरह किया जाए कि उनका वैवाहिक जीवन सफल व खुशियों से भरा-पूरा हो।

आधुनिक युग में जिस तेजी से तलाक की घटनाएं बढ़ रही हैं, उन्हें देखते हुए चाहे प्रेम विवाह हो अथवा माता-पिता की सहमति से वर-वधू एक-दूसरे को पसंद कर शादी करें पर इस बात की कोई ग्यारंटी नहीं कि दोनों का वैवाहिक जीवन सफल ही हो। माता-पिता द्वारा वर-वधू को पसंद कर की गई शादी तो अब दूर की बात हो गई है। अब न तो माता-पिता के भरोसे वर-वधू का चुनाव छोड़ा जाए और न ही पूर्णत: लड़के-लड़कियों के भरोसे।

वर्तमान समय में ये दोनों ही व्यवस्थाएं अपने आप में अपूर्ण हैं। वैवाहिक जीवन की गाड़ी लड़के-लड़की द्वारा ही चलेगी, माता-पिता द्वारा नहीं। इसलिए यह जरूरी है कि मध्य मार्ग का अनुसरण करते हुए वर और वधू को शादी से पहले एक-दूसरे के विचार, पसंद, नापसंद, भावनाएं, रुचियां, शिक्षा-दीक्षा और संस्कार आदि को भली प्रकार जानने-समझने की आवश्यकता होती है।

इस समस्या को हल करने के लिए कोई बीच का रास्ता अपनाया जाए। लड़के-लड़कियों को एक-दूसरे को जानने, समझने का मौका दिया जाए, एक-दूसरे की रूचियों, स्वभाव, संस्कार आदि सभी बातों को अच्छी तरह समझ लिया जाए पर यह स्वतंत्र रूप से नहीं वरन माता-पिता की सहमति से ही होना चाहिए।

इस संबंध में एक उदाहरण ध्यान देने योग्य है देवदास गांधी (महात्मा गांधी के पुत्र) और राजगोपालाचारी की पुत्री, दोनों के निकट संपर्क होने के कारण प्रेम हो गया और दोनों ने शादी की इच्छा जतलाई। गांधीजी और राजगोपालाचारीजी ने इस समस्या पर विचार कर यह निर्णय दिया कि यदि आगे पांच साल तक दोनों का प्रेम स्थायी रहा तो विवाह कर देंगे। दोनों ने पांच साल तक प्रतीक्षा की और पवित्र जीवन बिताया। इस परीक्षा के बाद जब दोनों का प्रेम स्थायी रहा तो विवाह कर दिया गया। इस तरह हम देखते हैं कि जब तक प्रेम की परीक्षा न हो जाए, वह आंतरिक और शुद्ध न हो तब तक प्रेम विवाह को टालना ही हितकारी है। भावावेश में लिया गया निर्णय कभी वास्तविक प्रेम नहीं हो सकता।



### अनुभवहीन लड़के

लड़कियां, बिना जाने-समझे आस-पड़ोस या कहीं निकट संपर्क में आने पर इस तथाकथित प्रेम के चक्कर में फंसकर प्रेम-विवाह कर लेते हैं तो आगे चलकर कुछ समय बाद उनका वैवाहिक जीवन प्राय: कष्टकारी ही बीतता है। वर-वधू का चुनाव करते समय एक महत्वपूर्ण बात यह ध्यान में रखने योग्य है कि इसमें धन को विशेष महत्व न दिया जाए। इस दृष्टि से विवाह करना कि वर पक्ष अधिक धन-संपत्ति वाला है या वधू पक्ष से अधिक दहेज मिलेगा, यह बहुत बड़ी भूल है। अधिकांश लोग धन के लालच में पड़कर वर या वधू के न तो गुण, कर्म, स्वभाव, स्वास्थ्य या योग्यता को महत्व देते हैं और न ही उनके चरित्र, संस्कार व आदर्शों को। परिणामस्वरूप ऐसा वैवाहिक जीवन प्राय: कष्टकारी, नारकीय अथवा असफल जैसा ही हो जाता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि वर-वधू का चुनाव करते समय देखने वाली महत्वपूर्ण बाते ये हैं कि दोनों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य उत्तम हो। दोनों के आचार-विचार मिलते हों, जरूरी समझ और पैनी दृष्टि हो। इसके अतिरिक्त शिक्षा-दीक्षा, उत्तम संस्कारों का मेल एवं सूझबूझ वर-वधू के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

**हाल ही में सोशल मीडिया में एक पति का लिखा वो पत्र लोगों को भावुक कर गया, जिसमें उसने अपनी पत्नी को समर्पण के लिए शुक्रिया कहा और कृतज्ञता जताई। पति ने लिखा कि एक गृहिणी होने के नाते मुझे लगता था कि मेरी पत्नी घर पर रहती है तो उसके पास काम ही क्या है? इसलिए मैंने उसे कभी उसके काम का क्रेडिट नहीं दिया। वह दिनभर घर और बच्चे की देखभाल में थकी रहती। लेकिन मुझे घर लौटने पर हमेशा अपनी ही थकान दिखती।**



# गृहिणियों का श्रम भी मान का हकदार

ऑफिस से लौटकर मैं उसे अक्सर यही कहता कि तुमने क्या किया दिनभर? लेकिन अब गंभीरता से सोचने पर लगता है कि यह महिला कितनी गजब की है। जो बच्चे और घर की अनगिनत जिम्मेदारियां अकेले ही संभालती है। इतना सोचा तो खुद पर ही गुस्सा आया। इसलिए सबसे कहूंगा कि अपने बच्चों की मां का सम्मान करें। जो घर-परिवार के लिए अपनी हर खुशी से नाता तोड़ लेती हैं।

## हर मोर्चे पर है डटी

चिंता में डूबी पत्नी, नसीहतें और समझाइशें देती मां, बड़ों की देखभाल का जिम्मा उठाने वाली बहू और नाते रिश्तेदारी के बुलावे और दिखावे की रीति-नीति निभाने वाली एक जिम्मेदार स्त्री। वह हर मोर्चे पर डटी रहती है। भागती है, दौड़ती है, हांफती है, थकती है। भीतर ही भीतर जूझती भी है। बस, मन की नहीं कहती कभी। गृहिणी जो है। सामाजिक-पारिवारिक छवि कुछ ऐसी कि वह सब कुछ करती है पर कुछ नहीं कहती। वाकई, गृहिणी के रूप में स्त्री की यह भूमिका साधारण होकर भी कितनी असाधारण है। रोजमर्रा की अनगिनत जिम्मेदारियों को निभाते हुए समय के साथ कितना कुछ रीत जाता है गृहिणियों के मन के भीतर। लेकिन इसे समझने का अवकाश ना उसे मिलता है और ना ही उसके अपनों को।

## बदलते समय में बढ़ी जिम्मेदारियां

समय के साथ गृहिणी की भूमिका भी बदल गई है। लेकिन उसके हिस्से आई जिम्मेदारियां कम नहीं हुई हैं। आज हर काम के लिए घरों में मशीनें मौजूद हैं पर उसकी भागमभाग अब भी जारी है। पहले जिम्मेदारियां तो थीं लेकिन दायरा सीमित था। मगर आज दायरा असीमित है घर से लेकर बाहर की जिम्मेदारी के अलावा बच्चों की पढ़ाई से लेकर फ्यूचर इंवेस्टमेंट की तैयारियों में वह जुटी रहती है। फिर भी वह हर बात में तालमेल बैठा ही लेती है।

## सबके लिए कुछ न कुछ

चाहे गांव हो या शहर सुबह सबसे पहले बिस्तर छोड़ने और रात को सबके बाद अपने आराम की सोचने वाली महिलाएं पति, बच्चों और घर के अन्य सदस्यों की देखरेख में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि खुद को हमेशा दोयम दर्जे पर ही रखती हैं। दूसरों की शर्तों, इच्छाओं और खुशियों के लिए जीने की उन्हें न केवल आदत-सी हो जाती है बल्कि किसी काम में जरा-सी भी कमी रह जाए तो, वे अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। लेकिन फिर भी देखने में आता है कि उन्हें ताने ही सुनने को मिलते हैं। उनके काम का श्रेय और सम्मान उनके हिस्से नहीं आता। कुल मिलाकर कहा जाए तो वो एक ऐसा ' सपोर्ट सिस्टम है जो हमें जीने का हौसला देती हैं। न कोई छुट्टी ना कोई वेतन। सच कहें तो कोई गृहिणी वेतन चाहती भी नहीं। पर वो अपनों की जो सेवा सहायता करती है उसके बदले सम्मान की अपेक्षा तो करती ही है जो कि उसका मानवीय हक भी है। एक राष्ट्रीय सर्वे के मुताबकि 45 प्रतिशत ग्रामीण और 56 प्रतिशत शहरी महिलाएं जिनकी उम्र पंद्रह साल या उससे ज्यादा है पूरी तरह से घरेलू कार्यों में लगी रहती हैं। यह आंकड़ा हैरान करने वाला है कि 60 साल से ज्यादा की उम्र वाली एक तिहाई महिलाएं ऐसी हैं, जिनका सबसे ज्यादा समय इस आयु में भी घरेलू कार्यों को करने में ही जाता है।

## भागीदारी का आर्थिक पहलू

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ भारत में ही महिलाएं दिनभर में 352 मिनट अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं। यानी इन कामों के लिए उन्हें कोई आर्थिक लाभ नहीं मिलता। जबकि कुछ सालों पहले अमेरिका में हुए एक अध्ययन ने वहां गृहिणियों द्वारा किए गए घरेलू कामों की सालाना कीमत 57 लाख रुपए के बराबर आंकी थी। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में घर की जिम्मेदारियां केवल महिलाओं के हिस्से नहीं हैं। इसलिए वहां गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी के पक्ष को महत्व दिया जाता है। जबकि हमारे यहां का रहन-सहन और सामाजिक ढांचा कुछ इस तरह का है कि घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से में काम विकसित देशों से ज्यादा हैं और सुविधाएं कम हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि हमारे यहां घरेलू कार्य का जिम्मा पूरी तरह से महिलाओं का ही होता है। पुरुषों का सहयोग नाममात्र को ही मिलता है। हमारे यहां घरेलू कामकाज में पुरुषों की भागीदारी प्रतिदिन केवल 19 मिनट है।

## अनदेखी की शिकार

गृहिणी हर परिवार की पृष्ठभूमि तैयार करती है। किसी कलाकृति को उकेरने के लिए जो स्थान कैनवास का होता है घर के सदस्यों के जीवन में वही भूमिका होती है गृहिणियों की। ये बात और है कि तस्वीर बन जाने पर वे भी कैनवास की तरह ही कहीं पीछे छुप जाती हैं। शायद यही वजह है कि इस रूप में महिलाओं की भागीदारी को हर जगह और हर हाल में अनदेखा करने की ही कोशिश की जाती है। घर का कोई भी सदस्य किसी भी समय कह देता है कि 'तुम दिन भर घर में करती ही क्या हो?'

## मनोवैज्ञानिक आधार

मनोवैज्ञानिक रूप से देखा जाय तो यह अनदेखी एक अपराधबोध के भाव को जन्म देती है। वे सबके साथ होकर भी अकेली हो जाती हैं। उनके मन में सब कुछ करके भी खुद को कुछ भी करने योगय ना समझने का भाव इतना गहरा जाता है कि वे तनाव और अवसाद की शिकार बन जाती हैं। एक हालिया अध्ययन में भी सामने आया है कि 96 फीसद महिलाएं दिन में कम से कम एक बार खुद को दोषी या अपराधी मानती हैं। अपराधबोध से जुड़ा उनका यह भाव अधिकतर मामलों में बच्चों की परवरिश या परिवार की संभाल से ही जुड़ा होता है। इसके बावजूद उनके कार्यों का आकलन ठीक से नहीं किया जाता है।





# पेरेंट्स को शर्मिंदगी से बचाती है टॉयलेट ट्रेनिंग, और भी कई काम आती है ये सीख

**बच्चों को अगर टॉयलेट ट्रेनिंग दी जाए, तो इससे पेरेंट्स का काफी काम आसान हो जाता है। बच्चे कभी भी कहीं भी पेशाब या पॉटी नहीं करते हैं जिससे घर साफ रहता है।**

छोटे बच्चों यानि टॉडलर एज में बच्चों को पॉटी ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें बच्चों को खुद टॉयलेट जाना सिखाया जाता है। आप 8 से तीन साल के बच्चे को पॉटी या टॉयलेट ट्रेनिंग सिखा सकते हैं। 18 महीने के होने के बाद बच्चे का अपने ब्लैडर यानि मूत्राशय पर कंट्रोल आता है। इसलिए एक साल के होने बाद ही आप बच्चे को पेशाब और पॉटी करना सिखाना शुरू कर दें।

बच्चे के लिए क्यों जरूरी है पॉटी ट्रेनिंग

बच्चे के लिए उसकी उम्र के हिसाब से पॉटी सीट लाएं। इन्हें बच्चे के कंफर्ट के हिसाब से ही डिजाइन किया जाता है। हालांकि, बच्चे को ये ट्रेनिंग देने के लिए आपको बहुत समय और धैर्य की जरूरत होगी।

## कैसे दें पॉटी ट्रेनिंग

आप ध्यान दें कि बच्चा दिन में कितनी बार पेशाब या पॉटी करता है और उसका समय क्या है। क्या पेशाब या पॉटी आने से पहले कोई आवाज करता है या मुंह बनाता है। जब आप इस पैटर्न को समझ जाएंगे, तब आसानी से बच्चे को ट्रेन कर पाएंगे।

## साउंड का करें इस्तेमाल

जब बच्चे को पॉटी आती है, तो आप एक आवाज निकालें। बच्चे को सिखाएं कि ये आवाज सुनने पर उसे पॉटी करनी है। कई लोग बच्चे को पेशाब करने के लिए 'स्स्स्स' की आवाज निकालते हैं। जब भी बच्चे को टॉयलेट जाना हो, तो आप ऐसी आवाज निकालें।

## थोड़ी-थोड़ी देर में टॉयलेट ले जाएं

बच्चे को थोड़ी-थोड़ी देर में टॉयलेट लेकर जाएगा। सुबह उठने के बाद या खाना खाने के बाद बच्चे को टॉयलेट लेकर जाएं। ऐसा करने पर बच्चे को समझ आने लगेगा कि टॉयलेट में आने पर उसे पेशाब या पॉटी करनी है। टॉयलेट में आपको बच्चे से बात भी करनी है। उसे गाना सुनाएं या उसकी पसंद का खिलौना दें। उसकी पसंद की चीज पर ध्यान देने से बच्चा पॉटी ट्रेनिंग की प्रक्रिया को आसानी से समझ पाएगा।

## साइन आएंगे काम

जब भी बच्चे को पेशाब या पॉटी आए तो आप कुछ साइन यानि संकेतों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बच्चा जल्दी ही इन संकेतों को समझने लग जाएगा और पेशाब या पॉटी आने पर आपको इन संकेतों की मदद से बता देगा।

## क्यों जरूरी है पॉटी ट्रेनिंग

जन्म के बाद शुरुआती कुछ महीनों में शिशु दूध पीता है और थोड़ी-थोड़ी देर में पॉटी करता है। लेकिन जब बच्चा थोड़ा बड़ा हो जाता है और खेलने-कूदने लगता है या आपके साथ कहीं बाहर या किसी के घर जाने लगता है, तो उसे पॉटी या टॉयलेट ट्रेनिंग देनी बहुत जरूरी होती है। सोचिए, आप अपने बच्चे को किसी रिश्तेदार या दोस्त के घर लेकर गईं हैं और वहां पर बच्चे ने उनके सोफे या पलंग पर ही पेशाब या पॉटी कर दी तो आपको कितनी शर्मिंदगी महसूस होगी। इस तरह की परिस्थितियों से बचने के लिए ही बच्चों को टॉयलेट ट्रेनिंग दी जाती है। टॉयलेट ट्रेनिंग के बाद बच्चे खुद ही कुछ संकेतों की मदद से आपको बता देंगे कि उन्हें टॉयलेट जाना है।

# क्या बारिश में आपके भी तौलिए से बदबू आती है? कैसे दूर करें

बारिश के दौरान अक्सर तौलिए में से बदबु आने लगती है जिससे पूरा मूड ऑफ हो जाता है। इतना ही नहीं त्वचा की निखार पर भी असर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गिले या नमी वाले तौलिये में बैक्टीरिया पनप जाते हैं। इस वजह से त्वचा संबंधित परेशानी भी हो सकती है। तो आइए जानते हैं कैसे आसान तरीकों से तौलिए से आ रही बदबू को भगाएं।

- सबसे पहली बात, कई लोग टॉवेल को ठीक करके उन्हें बाथरूम में रख देते हैं। लेकिन नमी के कारण उनमें बैक्टीरिया पनप जाते हैं। और वह बदबू मारने लगते हैं। इसके बाद वहीं टॉवेल का उपयोग त्वचा संबंधित कुछ भी परेशानी हो सकती है। इसलिए तौलिए को बारिश के दिनों में सुखी जगहों पर ही रखें।
- अक्सर नहाने के बाद लोग तौलिए को कही भी डाल देते हैं। ऐसे में बहुत बदबू आने लगती है। मौसम कोई-सा भी हो नहाने के बाद तौलिए को हमेशा किसी भी स्टैंड या रस्सी पर ही डालें। जिससे टॉवेल का गीलापन सुख जाएगा और बदबू भी नहीं आएगी।
- बारिश में दो तौलिए का इस्तेमाल कीजिए। और तौलिए को हर 2 दिन में धोते रहिए। जिससे बदबू नहीं आएगी और बैक्टीरिया भी नहीं पनपेंगे। मानसून सीजन में धूप बहुत कम निकलती है लेकिन जब भी धूप निकलती है तो गीले कपड़ों को धूप में जरूर डालें। इससे किसी भी कपड़ों में से बदबू नहीं आएंगी। साथ ही तौलिए को धूप में जरूर रखें।
- बारिश के सीजन में कपड़ें अगर नहीं सूखते हैं तो उन्हें आप पंखे की हवा में सुखा लीजिए। इससे बदबू नहीं आएगी।
- बारिश के दौरान सर्फ का इस्तेमाल थोड़ा अधिक कर लीजिए। इससे कपड़ों में से सर्फ की सुगंध के बीच बदबू दब जाएगी। साथ ही आप कपड़ों को धोने के दौरान हल्का सा डेटॉल का प्रयोग भी कर सकते हैं इससे भी कपड़ों में से बहुत कम दुर्गंध आएंगी। हल्की बदबू आने पर आप हल्का स्प्रे भी कर सकते हैं।





# 5 मिनट में तैयार करें नेल सीरम बढ़ जाएगी हाथों की खूबसूरती

बड़ें और मजबूत नाखून हाथों की शान को बढ़ा देते हैं। नाखून लंबे होने पर उंगलिया भी लंबी लगती है और नाजुक दिखती है। साथ ही हाथ खूबसूरत लगते हैं। अक्सर लड़कियां अपने नाखूनों पर लंबे वक्त तक नेल पेंट लगाकर रखती है। इतना ही नहीं नेल आर्ट भी दो या तीन महीने के लिए करवाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं चेहरे की तरह नाखून की केयर करना भी जरूरी है। वरना नाखून भी बेजान हो जाते हैं और वह टूटने लगते हैं। जरूरी यह भी नहीं है कि हमेशा महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर नाखून को सुंदर बनाया जा सकता है। दादी - नानी के नुस्खें आज भी बहुत कारगर है। तो आइए जानते हैं कैसे घर पर नेल सीरम तैयार करें ताकि नाखुनों को भी चेहरे की तरह ग्लो मिले।

**सामग्री** - 1 छोटा चम्मच एलोवेरा जेल, 2 विटामिन ई कैप्सूल, 1 छोटा चम्मच नारियल तेल

**विधि** - सभी को एक कटोरी में मिलाएं।

- इसके बाद किसी कंटेनर में भर लें।
- आपका सीरम तैयार है। अब इसे फ्रीज में स्टोर कर सकते हैं।

### नेल सीरम लगाने का तरीका

- सबसे पहले अपने नाखून को अच्छे से धो कर पोंछ लें।
- इसके बाद एक कच्ची लहसुन की कली लें, छिलकर।
- उसे हल्के हाथों से रगड़े। क्योंकि तेज रगड़ने पर जलन भी हो सकती है।
- 10 मिनट के लिए छोड़ दें।
- इसके बाद तैयार नेल सीरम से मसाज करें।
- 10 मिनट लगा रहने दे और बाद में धो लें।
- फिर देखिए आपके नेल कितने साफ और सुंदर दिखेंगे।

### नेल सीरम के फायदे

- नेल सीरम लगाने के बाद नाखूनों की सफाई होती रहेगी।
- नाखूनों की चमक बढ़ेगी।
- वह मजबूत होंगे और सुंदर दिखेंगे।

